# 4 नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, 'पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड' लॉन्च भी करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी शुक्रवार को केरल का दौरा करेंगे। वे तिरुवनंतपुरम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी, शहरी आजीविका, विज्ञान और नवाचार, नागरिक-केंद्रित सेवाओं और उन्नत स्वास्थ्य सेवा सहित प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जो समावेशी विकास, तकनीकी प्रगति और नागरिकों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता पर प्रधानमंत्री के निरंतर फोकस को दर्शाती हैं।

'पीएम स्वनिधि लोन' भी करेंगे वितरित

पीएम मोदी शुक्रवार को केरल का दौरा करेंगे। वे तिरुवनंतपुरम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर पीएम मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। राज्य को कई सौगातों से पूर्ण करेंगे

## पीएम आज तिरुवनंतपुरम में कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे

**खास बातें**

- अत्याधुनिक रेडियो-सर्जरी सेंटर की आधारशिला रखेंगे
- नए पूजापुरा हेड पोस्ट ऑफिस का लोकार्पण करेंगे



### रेल कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

पीएम मोदी रेल कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा देते हुए तिरुवनंतपुरम में चार नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और एक पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, चार नई ट्रेनें शुरू होने से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। इसके अलावा, बेहतर कनेक्टिविटी से पूरे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत बढ़ावा मिलेगा।

### शहरी आजीविका को मजबूत मिलेगी

शहरी आजीविका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत प्रधानमंत्री मोदी 'पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड' लॉन्च करेंगे, जो स्ट्रीट वेंडरों के लिए वित्तीय समावेशन की शुरुआत करेगा। यूपीआई-लिंक्ड, ब्याज-मुक्त रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा तत्काल लिक्विडिटी प्रदान करेगी, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगी और लाभार्थियों को औपचारिक क्रेडिट इतिहास बनाने में मदद करेगी।

### लाभार्थियों की पहली बार औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच होगी

पीएम मोदी केरल के स्ट्रीट वेंडरों समेत एक लाख लाभार्थियों को 'पीएम स्वनिधि लोन' भी वितरित करेंगे। 2020 में अपनी शुरुआत के बाद से 'पीएम स्वनिधि योजना' ने बड़ी संख्या में लाभार्थियों को पहली बार औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच प्रदान की है और शहरी अनौपचारिक श्रमिकों के बीच गरीबी उन्मूलन और आजीविका सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में देंगे सौगातें

विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में प्रधानमंत्री सीएसआईआर-एनआईआईएसटी इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप हब का शिलान्यास करेंगे। यह विज्ञान और बायो-इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करेगा, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बायोटेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल पैकेजिंग का एकीकृत करेगा।

### मुख्य फोकस हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा

पीएमओ ने कहा कि इस दौरे का एक और मुख्य फोकस हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी तिरुवनंतपुरम में श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में अत्याधुनिक रेडियोसर्जरी सेंटर की आधारशिला रखेंगे। नए पूजापुरा हेड पोस्ट ऑफिस का भी उद्घाटन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### संजीव बने दिल्ली एमसीडी के नए कमिश्नर

**नई दिल्ली।** 1994 बैच केआईएएस संजीव खीरवार को दिल्ली का नया नगर आयुक्त



नियुक्त किया गया है। वे स्टेडियम में कुत्ते को टहलाने को लेकर विवादों में आए थे। खास बात है कि परिसर में कुत्ते को टहलाने का फोटो वायरल होने के बाद उन्हें राजधानी से स्थानांतरित कर दिया गया था, अब 3 साल से अधिक समय बाद राजधानी लौटे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर से हटा ग्रैप-3 का पहरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी में सुधार के बाद ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा ली गई हैं।



एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन ने गुरुवार को हवा की क्वालिटी में मामूली सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रै-3 की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया। कमेटी की तरफ से कहा गया कि सब-कमेटी हवा की क्वालिटी की स्थिति पर बारीकी से नज़र रखेगी।

### कुशाग्र हत्याकांडः 3 को मरते दम तक कारावास

**कानपुर।** चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में अदालत ने उसकी ट्यूशन टीचर रही रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात



शुक्ला और उसके साथी शिव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा है कि तीनों को आखिरी सांस तक जेल में रखा जाए। ये फिरौती में 26 महीने पहले कुशाग्र की अपहरण के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। अपर जिला जज ने कहा कि यह नजीर बनेगा।

### बहराइच में 3 गो तस्कर गिरफ्तार, 1 फरार

**बहराइच।** इलाके के मुड़ियाडीह जंगल में गुरुवार को पुलिस व गो-तस्कर में मुठभेड़ हो गई। पुलिस



की गोली से एक तस्कर घायल हो गया। मौके से घायल समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया है। आरोपितों में दो गोंडा जिला के रहने वाले हैं। घायल को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बिना ड्राइवर चली बस खाई में गिरी

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत समोट कस्बे में गुरुवार



सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। समोट-ददरियाड़ा रूट पर चलने वाली एक निजी बस सुबह 9 बजे अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ और बस में सवार 20 सवारियों में से कुछ को हल्की चोटें आई हैं।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल के बयान पर भाजपा ने किया बड़ा पलटवार

# राहुल गांधी भगवान राम विरोधी, अब उनकी सनातन विरोधी मानसिकता आ रही सामने

### योजना में भगवान का नाम जोड़ने पर कांग्रेस कर रही विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह जी-राम-जी गारंटी स्कीम का विरोध करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस नए कानून का नाम नहीं पता है। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें भगवान राम का विरोधी करार दिया। इस योजना में महात्मा गांधी का नाम हटाकर भगवान राम का नाम जोड़ा गया है। कांग्रेस को इससे परेशानी हो रही है। भाजपा ने यह भी कहा कि राहुल जिस तरीके से इस योजना के नाम का विरोध कर रहे हैं, वह कांग्रेस की राम और सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर कर रहे हैं। भाजपा नेता और प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल पर तीखा हमला बोला।

भंडारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस का परिवार हिंदू विरोधी रवैया अपनाता रहा है। उन्होंने पुराने उदाहरणों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, भगवान राम को पौराणिक या काल्पनिक बताया और अब भी अयोध्या या महाकुंभ जैसे धार्मिक आयोजनों से दूरी बनाए रख रही है। भंडारी का कहना है कि चुनाव नजदीक आने पर ही राहुल गांधी को राम याद आते हैं, लेकिन असल में उनकी सोच में हिंदू आस्था के लिए कोई जगह नहीं है।

भंडारी ने राहुल को बताया एंटी हिंदू

जी राम जी योजना पर दोनों पार्टियों में बढ़ी तकरार



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी

### कांग्रेस को तुष्टिकरण वाली पार्टी बताया

प्रदीप ने कांग्रेस को तुष्टिकरण करने वाली पार्टी बताया और कहा कि राहुल का राम मंदिर न जाना कोई नई बात नहीं, बल्कि उनकी पुरानी मानसिकता का हिस्सा है। राम मंदिर का मुद्दा राजनीतिक बहस का केंद्र बना हुआ है। कांग्रेस का कहना है कि राहुल जनता की असली समस्याओं जैसे बेरोजगारी, मजदूरों की परेशानी और चुनावी तैयारियों पर फोकस कर रहे हैं।

### कर्नाटक विधानसभा से बढ़ा तनाव

गुरुवार सुबह कर्नाटक विधानसभा में तब हंगामा हुआ जब गवर्नर थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार द्वारा तैयार किया गया भाषण पढ़ने से मना कर दिया। उनका कहना था जी राम जी योजना की आलोचना की गई।

## गरीबों का हक छीनना चाह रही भाजपा, योजना का नाम नहीं पता

राहुल का सरकार पर हमला



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और भाजपा पर निशाना साधा है। मनरेगा बचाओ मोर्चा अभियान में उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत गरीब लोगों को काम करने का अधिकार मिला था, लेकिन अब भाजपा इस योजना को खत्म करना चाहती है। राहुल ने सरकार की तुलना कृषि कानूनों से की। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों के साथ वही करना चाहती है।

### विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा

केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा? भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी? जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश का धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।

**भाजपा डरपोक** राहुल ने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश से लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति-एक वोट का अवधारणा खत्म हो जाए। ये लोग आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा भाजपा वाले डरपोक लोग हैं। इन्हें रोकने के लिए हमें एक साथ खड़ा होना होगा।

खरगे का पीएम से सवाल

### क्या कभी खुद चाय बनाकर लोगों के बीच बांटी?

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मनरेगा योजना को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करना महात्मा गांधी का नाम और ग्राम स्वराज की सोच मिटाने की कोशिश है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के 'चायवाले' दावे पर भी जमकर निशाना साधा। खरगे ने सरकार पर गरीब लोगों का हक छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चार दिन आप भी मजदूरी कीजिए। मनरेगा का काम

### सब इनका नाटक है

खरगे ने कहा कि लोगों के वोट लेने के लिए 'मैं चाय वाला हूं' कहते रहे। कभी चाय बनाई या केतली लेकर हर आदमी को दिया क्या? केवल भाषण के सहारे लोगों के वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। सब इनका नाटक है। गरीबों को दबाना इनकी आदत है।

'अखंड ज्योति' की शताब्दी पर बोले शाह

## आज हिंदुत्व का नारा गूंज रहा मंत्र में छिपा कल्याण का मार्ग

### शांतिकुंज में दीपप्रज्जवित कर शुभारंभ किया



एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

2 दिनी दौरे पर पहुंचे गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह यहां बैरागी कैंप में चल रहे शान्तिकुंज के शताब्दी समारोह का दीपप्रज्जवित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोग पहले हिंदुत्व की बात करने से डरते थे और आज हिंदुत्व का नारा गूंज रहा है। शाह ने कहा कि भारतीय परंपरा में विश्व की सभी समस्याओं का समाधान है। पंडित राम शर्मा ने हर समाज और लिंग भेद के बगैर गायत्री मंत्र के माध्यम से हर आत्मा को कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने का रास्ता दिखाया। पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया।

### पंडित शर्मा ने कई युगों का काम किया

शाह ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी ने अपने जीवनकाल में कई युगों का काम किया। उनके आंदोलन के तहत 15 करोड़ से ज़्यादा फॉलोअर्स आध्यात्मिकता के रास्ते पर चल रहे हैं । 1925-26 राष्ट्रीय पुनर्जागरण का वर्ष था। अब लोगों की जिम्मेदारी है कि वे चिन्मय पंड्या के नेतृत्व में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ अगले 100 वर्षों तक इस आंदोलन को आगे बढ़ाएं।

### संकट मोचन हनुमान जी के दर्शन भी किए

शाह ने संकट मोचन हनुमान मंदिर निरंजनी अखाड़े में दर्शन किए। हनुमान भक्त शाह पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा पहुंचे और वहां पर उन्होंने संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए। प्रसाद ग्रहण किया। उनका महंत रामरतन गिरी ने स्वागत किया।

### गायत्री परिवार ने महिलाओं को दिया मंत्र का अधिकार



गुरुवार को 'अखिल विश्व गायत्री परिवार' द्वारा माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी और अखंड दीप शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित 'शताब्दी वर्ष समारोह 2026' में शाह शामिल हुए। गायत्री परिवार ने ही महिलाओं को मंत्र का अधिकार दिया।

*रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे*

## रामलला को भेंट किया गया भव्य 'स्वर्ण कोदंड', इसे 48 महिलाओं ने तैयार किया

### ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को भव्य 'स्वर्ण कोदंड' भेंट किया गया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूरे हो गए हैं। मंदिर में देशभर से श्रद्धालुओं की ओर से अनुपम उपहार भेंट किए जा रहे हैं। तीसरे वर्ष की शुरुआत में गुरुवार को रामलला के लिए एक और ऐतिहासिक और अद्वितीय भेंट 'स्वर्ण कोदंड' रामनगरी लाई गई है। यह कारसेवकपुरम में रखा गया, फिर ट्रस्ट को दिया।

### पंचधातु से बना यह कोदंड



गुरुवार को यह कोदंड अयोध्या पहुंचा। यहां रामलला को समर्पित किया गया। पंचधातु से बने इस कोदंड में सोना, चांदी, तांबा, जस्ता और लोहे का प्रयोग हुआ है।

### 8 महीने में तैयार किया, ऑपरेशन सिंदूर भी अंकित

तमिलनाडु के कांचीपुरम की 48 महिला कारीगरों ने 8महीने की मेहनत से इसे तैयार किया है। लगभग 8 फीट लंबे इस कोदंड पर ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य वीरता और कारगिल युद्ध शहीदों के नाम अंकित हैं। इसकी अनुमानित लागत करीब सवा करोड़ बताई जा रही है।

### अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्राधिकरण का एक और नोटिस

**प्रयागराज।** मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस जारी किया है। इसमें



चेतावनी दी गई है कि मौनी अमावस्या पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न करने के प्रयास में क्यों न मेला क्षेत्र में उनका प्रवेश हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाए। उन्हें 18 जनवरी को नोटिस जारी किया गया है और 24 घंटे में ही जवाब मांगा गया था। यह नोटिस अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर पर चस्पा मिला। यह अधिकृत हस्ताक्षरी के नाम से जारी किया गया है।

## 'मेदराम जतारा' की तैयारियां शुरू



**हैदराबाद।** मेदराम जतारा कोया समुदाय का तीन दिवसीय द्विवार्षिक आदिवासी उत्सव है, जो माघ माह में आयोजित होता है। इसे विश्व के सबसे बड़े स्वदेशी आध्यात्मिक समागमों में से एक माना जाता है और वर्ष 1996 में इसे राज्य उत्सव घोषित किया गया था। यह दंडकारण्य के वन में स्थित एटुरनागरम वन्यजीव अभयारण्य के भीतर, गोदावरी नदी की सहायक नदी जंपन्ना वागु के तट पर आयोजित किया जाता है।

### मुंबई में 29 शहरों के महापौर का आरक्षण लाटरी के आधार पर तय

# बीएमसी में होगी महिला मेयर, तेजस्वी का नाम उछला



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएमसी में मेयर पद महिला को ही मिलेगा। भाजपा-शिवसेना मिलकर महापौर का नाम तय करेंगे। नवी मुंबई में भी महापौर पद महिला को मिलेगा, जबकि ठाणे में एससी वर्ग से बनेगा। शहरी विकास विभाग ने गुरुवार को लॉटरी के जरिए आरक्षण तय किया, जिसके आधार पर बीएमसी मेयर पद पर महिला की ताजपोशी होगी।

## मुंबई, पुणे समेत 15 नगर निगमों को मिलेंगी महिला महापौर

भाजपा शिवसेना मिलकर तय करेंगे नाम

### नागपुर महानगरपालिका में भी महिला को कमान



बीएमसी

मुंबई, पुणे, नागपुर महापालिकाओं में भी महिलाओं के हाथों में कमान होगी। लॉटरी में यह पद भी महिलाओं को आरक्षित किया गया है। देश की सबसे अमीर महानगरपालिका मुंबई बीएमसी समेत पुणे, नागपुर और नाशिक के मेयर की कुर्सी अब सामान्य श्रेणी (महिला) के लिए आरक्षित कर दी गई है।

### घोसालकर का नाम सबसे आगे चल रहा

मुंबई मेयर पद की रेस में भाजपा की ओर से जिन महिला नगरसेवक का नाम सबसे आगे चल रहा है वह नाम तेजस्वी घोसालकर का है। दहिसर के वार्ड नंबर 2 से चुनी गईं तेजस्वी भी मेयर पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। तेजस्वी दूसरी बार मुंबई महानगर पालिका में जा रही हैं।

### रोटेशन प्रणाली के आधार पर हो गया निश्चित

बीएमसी समेत सभी नगर पालिकाओं में मेयर पद एससी-एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को रोटेशन प्रणाली के आधार पर दिया जाता है। यह आरक्षण व्यवस्था पहले से तय नहीं होती और इसके लिए लॉटरी सिस्टम बनाया गया है। जब तक यह लॉटरी नहीं निकाली जाती, तब तक राजनीतिक पार्टियां मेयर पद के लिए उम्मीदवारों को नाम का ऐलान नहीं कर सकतीं।

बंगाल में एसआईआर पर तकरार

## कोर्ट के आदेश पर हो रहा सुधार कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश-निर्देश पर अमल शुरू कर दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सभी सुधार करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने पुलिस महानिदेशक , पुलिस कमिश्नर और सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षकों को एसआईआर के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आश्वस्त किया है किसी को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को कई निर्देश दिए थे। आयोग ने एसआईआर के लिए जो निर्देश दिए हैं, उनके मुताबिक 24 जनवरी तक तार्किक श्रेणी के तहत लोगों की नाम से संबंधित विसंगतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।



सुभाष चंद्र बोस जयंती आज


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बसंत पंचमी सरस्वती पूजा की मंगलकामनाएं



inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## डोडा में भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ हादसा

# सड़क पर बर्फ जमी होने से सेना का वाहन फिसलकर 400 फीट खाई में जा गिरा, 10 जवानों की जान गई

एजेंसी ▶▶ डोडा(जम्मू)

जम्मू के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में सेना के दस जवानों की जान चली गई जबकि 11 घायल हो गए। हादसा भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सेना की टीम गुरुवार सुबह एक ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान खन्नीटॉप के पास दुर्गम और तीव्र मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा।

गंभीर रूप से 11 घायलों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया



घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल ले जाया गया

### मृत जवानों के नाम

*जोबन जीत, सुधेर नरवाल, मोनू, मोहित, एचआर कंवर, सिमरन, पी लोरा, सुलिंदर, अजय लोफरा और स्वर्ण नाग पाल।*

### घायल जवानों के नाम

साहिल, जेपी सिंह, नीरज, अनूप, नागिस, अमन, शंकर, संदीप, जोबनप्रीत, राकेश और अभिमन्यु के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

### गृह मंत्री शाह ने जताया दुख

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

## दावोस में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहयोग के लिए बनी सहमति

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मप्र और डीपी वर्ल्ड के बीच हुआ एमओयू



एमओयू के पेपर दिखाते हुए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में दावोस में मध्यप्रदेश सरकार और वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थित अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने एवं डीपी वर्ल्ड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वित्त एवं व्यवसाय विकास अधिकारी अनिल मोहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष सुल्तान अहमद बिन सुलायेम उपस्थित रहे। इस एमओयू के माध्यम से औद्योगिक विकास और निवेश सहयोग से जुड़े विषयों पर सहमति बनी, जो ाज्य में लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

यूएई में लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की कंपनी है डीपी वर्ल्ड

## खबर संक्षेप

### अब 'बॉर्डर 2' भी खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज



**नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' रिलीज को तैयार है। फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है। सेंसर बोर्ड द्वारा यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।करने वाली 'बॉर्डर 2' के साथ ही 'धुरंधर' जैसा ही हाल होने की संभावना है। क्योंकि 'धुरंधर' भी खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकी। अब ऐसा ही 'बॉर्डर 2' के साथ भी होता दिख रहा है। 'बॉर्डर 2' को खाड़ी देशों में उसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जैसा कि पाकिस्तान विरोधी भावना वाली अधिकांश भारतीय फिल्मों के साथ होता है।

### डंपर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, तीन की मौत



**ग्वालियर।** रतवाई-बिजौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी 18 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार जालौन (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। मृतकों की पहचान चंद्रपाल जाटव, उनकी पत्नी राजश्री जाटव और बेटी अर्पिता जाटव के रूप में हुई है। गुरुवार को अर्पिता का जेईई मेन का एग्जाम था।

## भोजशाला विवाद: बसंत पंचमी पर पूजा और नमाज पर 'सुप्रीम' फैसला

# सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-प्रार्थना दोपहर 1 से 3 बजे तक 'नमाज' होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के दिन धार में विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हिंदुओं को प्रार्थना करने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी शुक्रवार के दिन दोपहर 1 बजे से लेकर 3 बजे तक नमाज पढ़ने की इजाजत दी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे आपसी सम्मान और सहयोग बरकरार रखें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और जिला प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा कि शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए आने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को बता दी जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से आपसी सम्मान बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष भी सुना गया

### पीठ का यह है आदेश

हिंदू पक्ष को परिसर के भीतर ही अलग जगह मुहैया कराई जाए ताकि वे बसंत पंचमी पर अपने पारंपरिक अनुष्ठान कर सकें

नमाज़ के लिए एक खास और अलग जगह उपलब्ध कराई जाए, जिसमें आने-जाने के लिए अलग रास्ता हो, ताकि नमाज पढ़ी जा सके



धार। भोजशाला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात

- मुस्लिम समुदाय के लोगों की संख्या जिला प्रशासन को गुरुवार को ही बता दी जाए
- प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजशाला आने वालों के लिए पास जारी कर सकता है

### क्या है विवाद?

- मध्य प्रदेश के धार में एक एएसआई संरक्षित स्मारक है। हिंदू पक्ष के लोग इसे देवी सरस्वती का मंदिर मानते हैं।
- साथ ही यहां मौलाना कमालुद्दीन की मस्जिद है, जिसके चलते मुस्लिम पक्ष भी इस स्मारक पर अपना दावा करता है।
- 18वीं सदी में यहां अंग्रेज सरकार ने खुदाई कराई थी, जिसमें देवी सरस्वती की प्रतिमा भी निकली थी। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गए थे, जो आज भी लंदन संग्रहालय में मौजूद है। देवी सरस्वती की उस प्रतिमा को भी वापस लाने की कोशिश चल रही है।

### 8 हजार जवान तैनात

धार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। धार में आठ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न इलाकों में पेट्रोलिंग की जा रही है। वॉच टावर के साथ ही पुलिस चौकी भी बनाई गई है और पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में गश्त की जा रही है।

### भोजशाला विश्वास पहचान व इतिहास की 'व्याख्या' का प्रश्न

एक्सपर्ट कमेंट



सचिन दवे

भोजशाला केवल एक ऐतिहासिक इमारत नहीं है, बल्कि यह आस्था, संस्कृति, इतिहास का जटिल मिश्रण है। भोजशाला का नाम 11वीं शताब्दी के परमार शासक राजा भोज से जुड़ा माना जाता है। भोजशाला मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती की पूजा और अध्ययन का प्रमुख स्थल है। हिंदू मान्यता के अनुसार यह वाग्देवी यानी विद्या की देवी सरस्वती का मंदिर है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद के रूप में दावा करता है। जबकि यह दावा झूठा है राजा भोजने 1034 ईस्वी में माता वाग्देवी की स्थापना कराई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा फैसला

# मौत की सजा के लिए फांसी हो या जहर का इंजेक्शन दिया जाए?

सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा के लिए फांसी की जगह कम तकलीफदेह तरीके अपनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह याचिका वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने दायर की है।उन्होंने फांसी को मौत देने का क्रूर, अमानवीय और पुराना तरीका बताया है, जिसमें दोषी को लंबे समय तक दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फांसी की बजाए जहर का इंजेक्शन (लीथल इंजेक्शन) दिया जाए, जो तेजी से और कम पीड़ा के साथ मौत का कारण बनता है।

### केंद्र के रुख पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोर्ट ने केंद्र के इस रुख पर नाराजगी जताई और कहा कि समय के साथ बदलाव जरूरी है, लेकिन सरकार इसमें तैयार नहीं दिख रही। कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान दयालु और जीवंत है, जिसमें सम्मानजनक मौत का अधिकार भी शामिल होना चाहिए। याचिका 2017 में दायर की गई थी और तब से कई बार सुनवाई हो चुकी है।

### पटना-हावड़ा मेन लाइन पर ट्रेन से टकराया ट्रक



**देवघर।** झारखंड में हावड़ा-पटना मेन रेल मार्ग पर पूर्व रेलव के आसनसोल रेलखंड पर गुरुवार सुबह को एक बड़ा रेल हादसा होते-होते रह गया। जसीडीह और मधुपुर रेल खंड पर कुमड़ाबाद रोहिणी और शंकरपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेल गुमटी संख्या 27 पर 13510 डाउन गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस रेलवे फाटक पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## छत्तीसगढ़ के स्टील प्लांट में ब्लास्ट

### 6 मजदूरों की मौत, 5 घायल गर्म राख से जिंदा जले मजदूर



■ गर्म राख ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार जिले के बकुलाही इलाके में स्थित स्पंज आयरन प्लांट में हुए ब्लास्ट से अब तक 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। शुरुआती जांच में ये सामने आया है कि डस्ट सेटलिंग चेंबर से गर्म राख (ऐश) ले जा रही पाइपलाइन में लीकेज हो गया था। विस्फोट प्लांट की कोल भट्टी में गुरुवार सुबह करीब 9.40 बजे हुआ। ब्लास्ट के दौरान गर्म मलबा (राख) नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिरा।

## ड्रंक एंड ड्राइव केस में पकड़ी थी बाइक

### बेटे की बाइक का चालान कटने की खबर सुनते ही पिता को आया अटैक



■ वे बेहोश होकर गिरे और मौत हो गई

**सतना।** छोटे बेटे की बाइक का चालान कटने की जानकारी मिलने के बाद 57 वर्षीय शिक्षक को दिल का दौरा पड़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम रामप्रसाद वर्मा था। वह अमिलिया प्राथमिक शाला, संकुल कुलगढ़ी में शिक्षक थे। वर्तमान में बीएलओ का प्रभार भी संभाल रहे थे। बुधवार रात लगभग 8:30 बजे रामप्रसाद का छोटा बेटा रोहित वर्मा अपने दोस्तों अंकित शुक्ला, ऋषभ सिंह और एक अन्य के साथ सोहावल मैदान पर खड़ा था।

## भारत आने को तैयार नहीं हुआ

### टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी बांग्लादेश की टीम



■ आईसीसी ने मैच शिफ्ट करने से किया था मना

**नई दिल्ली।** टी20 विश व कप 2026 के लिए बांग लादेश क्रिकेट टीम भारत नहीं आएगी। आईसीसी से मिली एक दिन की मोहलत के बाद बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल यह ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर भारत में विश व कप नहीं खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और युवा एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के बीच हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया।

## 2015 में रामलला को टेंट में देख 12 युवकों ने लिया था संकल्प

# 1341 गांव की रज...103 नदियों का जल व 1121 किमी पैदल चल अयोध्या पहुंचे युवक

*लगभग 300 साथियों के सहयोग से इस कार्य को पूर्ण किया*

अलग खबर



मध्य में चंपत राय

**बैतूल।** जिले के खेड़ी सावलीगढ़ गांव निवासी धनंजय सिंह व गोरेगांव निवासी केसो मोरले गुरुवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। करीब एक दशक पूर्वयुवकों का दल रामायण मंडल के नाम से साप्ताहिक मानस पाठ करता था। यह दल 2015 में जन्मभूमि पर मानस पारायण के लिए अयोध्या आया और वेद मंदिर में पाठ किया था। इस दौरान प्रभु रामलला को टेंट में देख पारायण में आए लगभग 12 युवकों के मन में खिन्नता हुई। मंदिर बन जाने के बाद ही दोबारा दर्शन करने का संकल्प लिया।5 अगस्त 2020 को हुए भूमि पूजन व 22 जनवरी 2024 को हुई प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुछ करने की अंतःप्रेरणा हुई। लगभग 300 साथियों के सहयोग से सूर्य पुत्री ताप्ती, चंद्रपुत्री पुरना, बेल, बेतवा, देवना, तवा, काजल, मोरण, बेलगंगा, सूखी नदी, सापना सहित इलाके को जीवन देने वाली 103 बड़ी छोटी नदियों, सहायक नदियों का जल व जनपद के 1490 गांवों में से 1341 गांवों की पवित्र मिट्टी एकत्र की गई। इसमें लगभग 50 दिन का समय लगा। 27 दिसंबर को बैतूल के गंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भगवा ध्वज के पूजन आरती के साथ शुरू हुई पदयात्रा में प्रतिदिन औसतन 50 किमी की दूरी तय की गई। रास्ते को विभिन्न 30 पड़ावों पर विश्राम लेते हुए पदयात्री 20 जनवरी को अयोध्या के ब्रह्मदेव स्थान पहुंचे।

## अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही भी होगी उजागर

# बांधवगढ़ रिजर्व में 14 दिन में 4 बाघों की मौत की जांच करेगी 'एसआईटी'

*जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी*



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगातार सामने आ रही बाघों और अन्य वन्यजीवों की मौत की घटनाओं ने वन विभाग को गंभीर चिंता में डाल दिया है। इन मामलों की तह तक जाने के लिए कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्य प्रदेश ने विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि बीते करीब दो महीनों में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया और आसपास के क्षेत्रों में बाघ, तेंदुआ समेत अन्य वन्यजीवों की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। इनमें विद्युत करंट लगना, स्नेयर ट्रैप में फंसना, बिना मुंडेर के खुले कुओं में गिरना, बाड़े से लापता होना और बाद में शव मिलना जैसी घटनाएं शामिल हैं। विभाग ने इन परिस्थितियों को बेहद गंभीर बताया है और प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही से भी इंकार नहीं किया है।

## सबसे कम न्यूनतम तापमान कटनी व कल्याणपुर में 4.9 डिग्री रहा

भोपाल में इस जनवरी का सबसे गर्म दिन का पारा 27.5 डिग्री, रात 11 डिग्री के पार

# अचानक छाने लगे बादल, गर्मी के बाद 'ठंड' का अहसास बूंदाबांदी के आसार, रात का पारा 17 डिग्री तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के मध्य हिस्सों में गुरुवार दोपहर बाद से बादलों का असर रहा। बादल और धुंध के बीच भोपाल संभाग के कुछ जिलों में बूंदावांदी के भी आसार हैं।

इस बीच अधिकांश जिलों में लगातार चौथे दिन न्यूनतम तापमान में घट-बढ़ और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी रही। भोपाल में इस जनवरी का सबसे गर्म दिन का तापमान 27.5 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 11.2 डिग्री रहा है। प्रदेश में सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 16.6 डिग्री रहा है। बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी में रात 15 से 16 डिग्री के बीच गर्म रही है। शेष प्रदेश में न्यूनतम तापमान औसतन 10 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम और आगे आएगा, जिससे अभी बादल-धुंध का असर है। कुछ दिन में भोपाल संभाग के अलावा उत्तरी और पूर्वी मप्र में कुछ जगह बौछारें पड़ सकती हैं।



राजधानी स्थित लोकभवन रोड पर शाम 4 :45 बजे का दृश्य

### कहां कितना घटा-बढ़ा पारा

*गुरुवार को गुना, इंदौर, खंडवा, रतलाम, श्योपुर, दमोह, खजुराहो, रीवा आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक बढ़कर औसतन 27 डिग्री रहा, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री अधिक है। वहीं, पूर्वी मप्र के छिंदवाड़ा में 1.7 डिग्री बढ़कर 16 डिग्री तक रहा। शेष जिलों में औसतन एक डिग्री की कमी आई। सबसे अधिक रात का पारा उमरिया में 3.4 डिग्री गिरकर 6.9 डिग्री रहा। पांच जिलों में रात का पारा 7 डिग्री तक रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान कटनी, कल्याणपुर में 4.9 डिग्री रहा। नौगांव 6.5, उमरिया 6.9, रीवा 7 और छतरपुर में न्यूनतम पारा 7.4 डिग्री रहा है।*



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक

ज्ञान वार्ता

विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'




अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्

गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।



भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1 वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2 तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3 एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'




## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।


## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर




प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**राफेल-सुखोई करेंगे फ्लाई पास्ट**

# गणतंत्र दिवस पर आसमान में दिखेगा शक्ति का प्रतीक 'सिंदूर' फॉर्मेशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार भारतीय वायुसेना का फ्लाई पास्ट बेहद खास और प्रतीकात्मक होने जा रहा है। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट आसमान में 'सिंदूर' फॉर्मेशन बनाएंगे, जो सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक होगा। इस विशेष फॉर्मेशन में दो राफेल, दो मिग-29, दो सुखोई-30 और एक जैगुआर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। यह फॉर्मेशन भारतीय वायुसेना की आधुनिक क्षमताओं और रणनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेगा। भारतीय सेनाओं ने बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ये भारतीय लड़ाकू विमान अब गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरते नजर आएंगे।

**ध्वज फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे एमआई-17 हेलीकॉप्टर**

**फ्लाई पास्ट में दिखेंगे स्वदेशी और आधुनिक विमान**



रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के विमान फ्लाई पास्ट करते हुए

### 29 वायुसेना विमान होंगे शामिल

भारतीय वायुसेना के अनुसार, 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुल 29 विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा लेंगे। इनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। 26 जनवरी को फ्लाई पास्ट के दौरान चार एमआई-17 हेलीकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में नजर आएंगे। ये हेलीकॉप्टर राष्ट्रीय ध्वज, थल सेना, नौसेना और भारतीय वायुसेना के ध्वज लहराते हुए उड़ान भरेंगे। फ्लाई पास्ट के दौरान वायुसेना के फाइटर जेट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर प्रहार, गरुड़ अर्जन, वरुणा, वजरंग और विजय फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

### *भारतीय वायुसेना प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी*

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में भारतीय वायुसेना अनुशासन, नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्टता का प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में स्क्वाड्रन लीडर हेमंत सिंह कन्यार गार्ड ऑफ ऑनर के कमांडर होंगे और वायुसेना का दल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अक्षिता ढांकर कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगी। वहीं, स्क्वाड्रन लीडर जगदेश कुमार के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना का मार्चिंग कॉन्टिन्जेंट कर्तव्य पथ से गुजरते हुए सटीक कदमताल और अनुशासन का प्रदर्शन करेगा।

### 18 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी

गणतंत्र दिवस 2026 राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गौरवशाली 150 वर्षों को समर्पित रहेगा। पूरे समारोह में 'वंदे मातरम' की स्पष्ट और प्रभावी छाप देखने को मिलेगी। वायुसेना के बैंड इससे जुड़ी धुनें बजाते नजर आएंगे। परेड में विभिन्न सेवाओं की कुल 18 मार्चिंग टुकड़ियां और 13 बैंड शामिल होंगे। परेड की शुरुआत 100 सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा पारंपरिक युद्ध-संगीत के साथ की जाएगी, जो पूरे समारोह को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देगी।

### सेना के रोबोटिक म्यूल भी भाग लेंगे

परेड का मुख्य आकर्षण सेना के रोबोटिक म्यूल भी होंगे। यह दुर्गम और घने जंगल वाले इलाकों में सैनिकों से पहले आगे जाते नजर आएंगे। यह संदिग्ध इलाकों की जांच कर दुश्मन की मौजूदगी की जानकारी देंगे और सैन्य निगरानी में फायरिंग भी करेंगे। इसमें लगे 360-डिग्री कैमरे और थर्मल सेंसरअंधेरे में भी देख सकेंगें।

### स्वदेशी उपकरण प्रदर्शित होंगे

परेड के तुरंत बाद होने वाले फ्लाई पास्ट में राफेल, सुखोई-30, सी-295, मिग-29, अपाचे, एलसीएच, एएलएच और एमआई-17 जैसे विमान और हेलीकॉप्टर शामिल होंगे। इस दौरान तीनों सेनाओं के स्वदेशी उपकरण और हथियार भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### विजय और हसन की पार्टी को चुनाव चिन्ह



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम और अभिनेता कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) को तमिलनाडु चुनावों के लिए सीटी और कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) को बैटरी टॉर्च चुनाव चिन्ह दिया गया है। विजय की पार्टी पहली बार चुनावी मैदान में होगी।

### आतंकी से जुड़े आरोपी को 10 साल की सजा



**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत ने पाकिस्तान समर्थित साजिश से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस साजिश का मकसद पश्चिम बंगाल में मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए भर्ती करना था। अदालत ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के रहने वाले सैयद एम। इदरीस को इस मामले में दोषी ठहराया है। बुधवार को सुनाए गए फैसले में कोर्ट ने उसे 10 साल की कठोर कारावास की सजा दी है। इसके साथ ही आरोपी पर 70,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

**25 जनवरी को भारत दौरे पर आएंगे यूरोपीय संघ के दो शीर्ष नेता**

# पीएम के साथ होगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, एफटीए ऐलान की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) के दो बड़े नेता चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचने वाले हैं। ईयू नेताओं का यह दौरा ऐसे समय में अहम माना जा रहा है, जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 25 से लेकर 28 जनवरी तक भारत में रहेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इस बार 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोनों नेता 27 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। भारत दौरे पर उनकी मुलाकात देश की राष्ट्रपति और प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू से होगी। इसके साथ ही दोनों नेता भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। भारत और ईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। ऐसे में ईयू नेताओं के भारत दौरे से कयास लगाए जा रहे हैं कि एफटीए का ऐलान हो सकता है।

*गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे कोस्टा और लेयेन*

*16वें भारत-ईयू सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी करेंगे*



यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

### एक छोटा ईयू सैन्य दल परेड में भाग लेगा

एक छोटा ईयू सैन्य दल गणतंत्र दिवस क परेड में भाग लेगा। ऑपरेशन अटलांटा और ऑपरेशन एस्पाइड्स जैसे ईयू नौसैनिक अभियानों के झंडे प्रदर्शित किए जाएंगे। व्यापार और सुरक्षा से जुड़े नेताओं सहित 90 से अधिक ईयू अधिकारी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में शीर्ष यूरोपीय नेतृत्व की मौजूदगी दोनों पक्षों के बीच बढ़ते राजनीतिक भरोसे को दर्शाती है।

### नए समझौतों की घोषणा होगी

उच्चस्तरीय शिखर सम्मेलन की बैठक में भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष, रक्षा सहयोग और मोबिलिटी से जुड़े नए समझौतों की घोषणा की संभावना है। बता दें, भारत-ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता 2007 में शुरू हुई थी, 2013 में स्थगित हुई और जून 2022 में फिर से शुरू की गई। नए समझौतों की घोषणा के बाद कानूनी जांच और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की प्रक्रिया होगी। एफटीए लागू होने से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा, शुल्क कम होंगे और भारतीय निर्यातकों व यूरोपीय निवेशकों को बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

### भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही

बैठक में भारतीय श्रमिकों की यूरोप में आवाजाही पर प्रस्तावित एमओयू हो सकता है। यह कानूनी और संरचित प्रवासन मार्गों पर केंद्रित होगा। कुशल पेशेवरों, छात्रों और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा। फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे देशों के साथ पहले से ऐसे द्विपक्षीय समझौते मौजूद हैं। नया ढांचा ईयू स्तर पर सहयोग को विस्तार देगा। यह पहल लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगी, यूरोप की कुशल श्रम मांग को पूरा करेगी और भारत के युवा कार्यबल के लिए नए अवसर खोलेगी।

### मीडिया कवरेज के लिए सीमित प्रवेश

विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि ज्यादा डिमांड की वजह से, एक्सपी डिवीजन हैदराबाद हाउस के अंदर लोगों की संख्या कम रखेगा और वायर सर्विस को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि सभी आउटलेट को विजुअल्स मिल सकें। हैदराबाद हाउस की तस्वीरें और वीडियो विदेश मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध होंगी और मंत्रालय को क्रेडिट देकर रिपोर्टिंग के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी मीडिया आउटलेट्स से अनुरोध किया है कि हैदराबाद हाउस में होने वाले कार्यक्रम के लिए 23 जनवरी, 2026 को 10 बजे तक गूगल शीट भर दें।

### रक्षा सहयोग पर विशेष जोर

भारत-ईयू के बीच रक्षा सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारतीय कंपनियों को ईयू के सेफ (सिक्युरिटी एक्शन फार यूरोप) कार्यक्रम तक पहुंच मिल सकती है। सेफ, यूरोप की रक्षा तैयारी बढ़ाने के लिए 150 अरब यूरो का रक्षा फंडिंग साधन है। इसके अलावा सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू हो सकती है, जिससे गोपनीय रक्षा जानकारी का सुरक्षित आदान–प्रदान और संयुक्त रक्षा विनिर्माण संभव होगा।

**तुर्कमेनिस्तान पहुंचे विदेश सचिव जॉर्ज**

# रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में संबंध बढ़ाने पर की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विदेश सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज

विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज 21 जनवरी को भारत-तुर्कमेनिस्तान विदेश ऑफिस कंसल्टेशन के 5वें राउंड और एसपीईसीए (सेंट्रल एशिया की अर्थव्यवस्थाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र का विशेष कार्यक्रम) इकोनॉमिक फोरम के लिए तुर्कमेनिस्तान पहुंचे। आयोजन तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात में हुआ, जहां सिबी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे।

जॉर्ज ने 21 जनवरी को तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री और कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स के डिप्टी चेयरमैन राशिद मेरेदोव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तुर्कमेनिस्तान के अधिकारियों को भारत के विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच आपसी फायदे वाली पार्टनरशिप को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। जॉर्ज और तुर्कमेनिस्तान की विदेश मामलों की उपमंत्री मियाहरी बयाशिमोवा के साथ बैठक की।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

यह बैठक विदेश ऑफिस कंसल्टेशन के दौरान हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, शिक्षा और कॉन्सुलर मामलों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र और दूसरे बहुपक्षीय फोरम के तहत सहयोग पर भी चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। आपसी संबंधों को और मजबूती प्रदान करने के लिए नए क्षेत्रों में अवसर ढूंढने पर भी चर्चा की।

### सेंट्रल एशियाई देशों के साथ सहयोग करेगा भारत

तुर्कमेनिस्तान के वित्त मंत्री मैमेटगुली अस्तानागुलोव की अध्यक्षता में एसपीईसीए इकोनॉमिक फोरम में अतिथि देश के तौर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, सेक्रेटरी (वेस्ट) ने भारत और सेंट्रल एशियाई देशों के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश और कनेक्टिविटी लिंकेज को बढ़ाने के लिए भारत का विजन पेश किया। सिबी जॉर्ज का यह दौरा तुर्कमेनिस्तान और दूसरे सेंट्रल एशियाई देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने के लिए भारत की 'एक्सटेंडेड नेबरहुड' पॉलिसी के मुताबिक है, जिनके साथ भारत के दोस्ती और सहयोग के पुराने रिश्ते हैं।

**सारंडा में आपरेशन 'मेघाबुरु', कोबरा-209 बटालियन की बड़ी कार्रवाई**

# 1 करोड़ का इनामी अनल दा समेत 15 माओवादी ढेर, हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए। अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।





मृतक अनल दा उर्फ पतिराम मांझी, सर्च अभियान करते सुरक्षा बल

### विस्फोटक सामग्री बरामद

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है।

**ओवैसी की केंद्र सरकार से अपील**

# थाईलैंड में जॉब के बहाने 16 भारतीयों को बनाया 'गुलाम', तुरंत वापस लाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के मुताबिक कम से कम 16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर बंधक बना लिए गए हैं। इन लोगों को थाईलैंड में अच्छी नौकरी दिलाने का वादा किया गया था लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें म्यांमार की सीमा पर ले जाकर गुलाम बना लिया गया। इन बंधकों में तीन लोग हैदराबाद के रहने वाले हैं जो अब वहां नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

ओवैसी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से सोशल मीडिया के जरिए तुरंत हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपील की है कि भारत सरकार म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों से बातचीत कर इन सभी 16 भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए कड़े कदम उठाए। ओवैसी के पास यह जानकारी हैदराबाद के उस्मान नगर निवासी मीर सज्जाद अली ने भेजी है जो फिलहाल वहीं फंसा हुआ है। उसके साथ मौला अली और बंजारा हिल्स के दो अन्य युवक भी इस मुसीबत में फंसे हुए हैं। बताया गया है कि वहां फंसे भारतीयों की हालत बेहद खराब है क्योंकि उन्हें हर दिन 18 से 20 घंटे तक जबरन काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बंधक बनाए गए लोगों के पासपोर्ट और फोन छीन लिए गए हैं जिससे वे किसी से संपर्क न कर सकें।



**दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया 'बोर्ड ऑफ पीस' का ऐलान**

# यूएन के साथ मिलकर काम करने की जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ दावोस

राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दौरान गाजा पर अपने प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' के पहले चार्टर का औपचारिक उद्घाटन और हस्ताक्षर समारोह किया। यह एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए बनाया गया है, हालांकि इसकी शुरुआत इजराइल-हमास युद्ध के बाद गाजा के पुनर्निर्माण और शासन की निगरानी से हुई थी। अब इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। इसकी स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर का मूल्य टैग लगाया गया है। समारोह में कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और शीर्ष राजनयिक मौजूद थे, शामिल रहे। विश्व के 20 देशों ने ट्रंप के साथ इस पर हस्ताक्षर भी कर दिया है। जबकि चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और भारत सहित अन्य कई देशों ने फिलहाल इससे दूरी बना ली है।



दावोस में गाजा पर बोर्ड ऑफ पीस का आगाज करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (बीच में)।

### ट्रंप होंगे बोर्ड के अध्यक्ष

ट्रंप ने इस बोर्ड की अध्यक्षता स्वयं संभालने की बात कही है। इसके चार्टर के अनुसार वे इसे जीवन भर संभाल सकते हैं। हालांकि भविष्य में वह अमेरिकी राष्ट्रपति किसी अन्य को नामित कर सकते हैं। बोर्ड ऑफ पीस का यह विचार ट्रंप की 20-सूत्री गाजा सीजफायर योजना से निकला था, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी समर्थन दिया था। शुरू में यह गाजा के पुनर्निर्माण, मानवीय सहायता और शासन पर फोकस करने वाला छोटा समूह था, लेकिन अब यह वैश्विक संघर्षों (जैसे यूक्रेन, अन्य क्षेत्रीय विवाद) को सुलझाने वाले निकाय के रूप में पेश किया जा रहा है।

### 20 से ज्यादा देशों ने किए हस्ताक्षर

20 से अधिक देशों ने चार्टर पर हस्ताक्षर किए हैं या शामिल होने की पुष्टि की है। इन प्रमुख सदस्य देशों में शामिल हैं: पाकिस्तान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया, मोरक्को, हंगरी, अर्जेंटीना, अजरबैजान, आर्मेनिया, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, कोसोवो, बेलारूस, वियतनाम और इजराइल। हालांकि, करीब 35 देश इस परियोजना में शामिल होने पर सहमत हो चुके हैं, जबकि 60 देशों को आमंत्रित किया गया था।

**ट्रंप बोले- सबसे प्रतिष्ठित**

ट्रंप ने उद्घाटन भाषण में दावा किया कि यह अब तक का सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड होगा। हर कोई इस बोर्ड का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र सहित कई अन्य देशों और संगठनों के साथ मिलकर काम जारी रखेंगे। ट्रंप ने इसे बहुत रोमांचक दिन बताया और कहा कि बोर्ड सुंदर ढंग से चल रहा।



## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का लोकार्पण

# पतंजलि के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हो सकेंगी हार्ट, ब्रेन व स्पाइन की सर्जरी, विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। आज देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। ज्ञात हो कि गृह मंत्री दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर पूज्य स्वामी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया।

गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में आत्मीयतापूर्ण रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली। उनके आत्मीय आगमन से पतंजलि परिवार में गौरव, प्रेरणा और ऊर्जा का संचार हुआ और पतंजलि योगपीठ परिवार की ओर से रामदेव महाराज और श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण महाराज ने अनेक संतों, भक्तों, शिष्यों, पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के विद्यार्थियों के साथ उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**इंटीग्रेटेड हॉलिस्टिक ट्रीटमेंट के रूप में आज एक नए युग का आरंभ हुआ पतंजलि से**

*उद्घाटन अवसर पर योगगुरु रामदेव व आचार्य बालकृष्ण के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।*


हास्पिटल परिसर


लोकार्पण

### हॉस्पिटल का लोकर्पण राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाला

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष एवं योग गुरू रामदेव ने कहा कि यह सम्पूर्ण पतंजलि परिवार के लिए गौरव की बात है कि आज विश्व के इतिहास के प्रथम इंटीग्रेटेड हॉस्पिटल का लोकर्पण अपने राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाले, योग-आयुर्वेद को सर्वोपरि देखने वाले देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। रामदेव ने कहा कि यहां हम 90 से 99 फीसदी लोगों को योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, पंचकर्म, षट्कर्म, पंच महाभूत चिकित्सा, मेडिकेटिड वाटर व फूड, उपवास, उपासना से ठीक करेंगे। उन्होंने कहा कि बीमारियों के मुख्य कारण- स्ट्रेस, इंफ्लामेशन तथा शरीर का अशुद्धिकरण है। पतंजलि में शिरोधारा, अक्षी तर्पण, कर्ण पूर्ण, नस्य, अभ्यंग, शंख प्रक्षालन, कोलोन थैरेपी, 100 से ज्यादा प्रकार की बस्ती आदि से शरीर का शुद्धिकरण करते हैं।

### पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने एविडेंस-बेस्ड मेडिसिंस विकसित

पतंजलि में विज्ञान और परंपरा का संगम है। पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को जड़ मूल से नष्ट कर रही हैं। पतंजलि रिसर्च टीम व आचार्य के निर्देशन में 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जनरल में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि पतंजलि हॉस्पिटल में 24×7 इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाएं संचालित रहेंगी। हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी विभाग के अन्तर्गत कैथ लैब, कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं स्टेंट प्रत्यारोपण, पेसमेकर एवं आईसीडी इम्प्लांट, ईसीजी, इको, स्ट्रीजइको,टीएमटी की सुविधा रहेगी। इसके अलावा अस्थि रोगों के लिए ऑर्थोपेडिक विभाग में जॉइंट रिप्लेसमेंट (घुटना, कूल्हा) एवं फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गॉल ब्लैडर, अपेंडिक्स, लिवर एवं पैंक्रियास सर्जरी, लेज़र सर्जरी एवं डायबिटिक फुट ट्रीटमेंट की सुविधा रहेगी।

### विश्व के 25 बड़े मेडिकल इंस्टीट्यूशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर का हम रिसर्च कर रहे: रामदेव

उन्होंने बताया कि ऋषिकेश, दिल्ली, गुवाहाटी, जम्मू कश्मीर, भोपाल आदि लगभग 10 एम्स में पतंजलि संयुक्त रिसर्च कर रहा है। इसके साथ-साथ आस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका सहित विश्व के 25 बड़े मैडिकल इंस्टीट्यूशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर का हम रिसर्च कर रहे हैं। एनिमल ट्रायल, ह्यूमन ट्रायल, ड्रग डिस्कवरी का पूरा साइंटिफिक मैथड पतंजलि के पास है। इस देश के 100 करोड़ से ज्यादा लोग योग-आयुर्वेद का अनुसरण करते हैं, जिनका रियल वर्ल्ड एविडेंस हमारे पास है। इसके साथ-साथ हमारे पास 1 करोड़ 38 लाख लोगों का क्लिनिकल एविडेंस ईएमआर डेटा के रूप में है। हमने इस हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में हृदय रोगियों के लिए एंजियोप्लास्टी, बायपास सर्जरी व पेसमेकर की व्यवस्था की है लेकिन हमारा प्रयास है कि 90 से 99 फीसदी लोगों को इनकी आवश्यकता न पड़े। यहाa हम उन्हीं की सर्जरी करेंगे, उन्हीं को पेसमेकर व स्टंट लगायेंगे जो अपने को रिकवर नहीं कर पा रहे हैं। हमारा प्रयास रहता है कि हृदयामृत, कार्डियोग्रिट, अर्जुन की छाल, दालचीनी, लोकी के जूस का प्रयोग कर इजेक्शन फ्रेक्शन को बढ़ाया जा सके, हार्ट ब्लॉकेज को प्राकृतिक तरीकों से रिवर्स किया जा सके। हमने बीपी, डायबिटीज, थायराइड आदि के लिए सिंथेटिक दवा इंसुलीन आदि की डिपेंडेंसी को घटाया है, किडनी व लिवर डिजीज को रिवर्स किया है जिसके पूरे साइंटिफिक माड्यूल्स, क्लिनिकल डाटा हमारे पास हैं। फैटी लिवर ग्रेड-1, 2, 3, 4, लिवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस व लिवर कैंसर को रिवर्स किया है। लोग कहते थे कि रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व पतंजलि एलोपैथी के विरोधी हैं, एलोपैथी से भी हमारी सिंपैथी है। लेकिन नितांत आवश्यकता होने पर ही। हम गैर जरूरी दवा, गैर जरूरी ऑपरेशन, गैर जरूरी टेस्टिंग के विरोधी हैं। किडनी रोगियों के लिए हमारे यहाa डायलिसिस की भी व्यवस्था है लेकिन जब तक डायलिसिस से बचा जाए तब तक हम पूर्ण प्रयास करते हैं। ब्रेन सर्जरी से पहले हम मेधा वटी, मैमोरी ग्रिट पर विश्वास करते हैं। यज्ञ चिकित्सा में मेधा यिष्टी, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, ज्योतिष्मति से हवन कराते हैं। नैनो मेडिसिन से भी ज्यादा सूक्ष्म पीको मेडिसिन की बात होने लगी है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने तीसरी तिमाही में 4,193 करोड़ रुपये की वृद्धि

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए। तिमाही में परिचालन लाभ 4,193 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 13% अधिक है। वहीं, निवल लाभ 2,705 करोड़ रुपये रहा, जिसमें 7% की वृद्धि हुई। नौमाही में परिचालन लाभ 12,023 करोड़ और निवल लाभ 7,511 करोड़ रहा। बैंक का आरओए और आरओई तिमाही में क्रमशः 0.96% और 15.34% रहा। वैश्विक कारोबार 16 लाख करोड़ रुपये पार कर गया। घरेलू अग्रिमों में 15.16%, खुदरा में 20.64%, कृषि में 16.69%, एमएसएमई में 15.77% और कॉर्पोरेट में 11.32% की वृद्धि दर्ज की गई। सकल एनपीए 2.26% और निवल एनपीए 0.60% रहा। पीसीआर 93.60% तक बढ़ा। डिजिटल सेवाओं में 7 लाख से अधिक नए ग्राहक जुड़े और कुल UPI लेन-देन में वैकल्पिक चैनलों की हिस्सेदारी ₹96% रही। बैंक ने कहा कि मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और डिजिटल विस्तार से ग्राहकों की संख्या और सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बढ़ रही है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ और भारतीय सेना के बीच एमओयू साइन

**जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड (एईएसएल) ने भारतीय सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शैक्षणिक सहायता व कल्याणकारी लाभ प्रदान करना है। इस एमओयू के तहत देशभर के एईएसएल केंद्रों पर सेना से जुड़े विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्तियाँ दी जाएँगी। ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के बच्चों को रजिस्ट्रेशन शुल्क को छोड़कर 100% फीस माफी, 20% से अधिक विकलांग कर्मियों व वीरता पुरस्कार विजेताओं के बच्चों को 100% ट्यूशन फीस छूट तथा सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिकों के बच्चों को 20% ट्यूशन फीस में छूट दी जाएगी। समझौते पर भारतीय सेना की ओर से कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3&4 तथा एईएसएल की ओर से डॉ. यश पाल ने हस्ताक्षर किए। एईएसएल एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि यह पहल सैनिकों के त्याग का सम्मान करते हुए उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मेंटरिंग और काउंसलिंग उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## रणबीर कपूर बने पीएनजी ज्वेलर्स के नए ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** भारत के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड पीएनजी ज्वेलर्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। वर्ष 1832 से चली आ रही विरासत वाले इस ब्रांड के लिए यह साझेदारी परंपरा और आधुनिकता के संगम का प्रतीक मानी जा रही है। महाराष्ट्र से शुरू होकर देश-विदेश में विस्तार कर रहे पीएनजी ज्वेलर्स का नेतृत्व डॉ. सौरभ गाडगीळ कर रहे हैं। रणबीर कपूर के साथ यह सहयोग ब्रांड की राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने, भरोसा बढ़ाने और इसकी विरासत को और व्यापक स्तर तक पहुँचाने में सहायक होगा। यह साझेदारी जनवरी 2026 से प्रभावी होगी, हालांकि इसके तहत किसी विशेष ज्वेलरी कलेक्शन का लॉन्च नहीं किया गया है। रणबीर कपूर ने कहा कि पीएनजी ज्वेलर्स की विश्वास और मूल्यों पर आधारित विरासत उनसे गहराई से जुड़ती है। वहीं, डॉ. सौरभ गाडगीळ ने बताया कि रणबीर विरासत और आधुनिक सोच का आदर्श संतुलन प्रस्तुत करते हैं, जो ब्रांड की दीर्घकालिक दृष्टि से मेल खाता है। इस सहयोग के साथ पीएनजी ज्वेलर्स ने परंपरा, विश्वास और कालातीत सुंदरता के प्रतीक के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ किया है।



## एमपीआईएस ने मीडिया इंटेलिजेंस सेवाओं के विस्तार में पांच नई सीनियर नियुक्तियां कीं

**जबलपुर।** मीडिया मॉनिटरिंग और इंटेलिजेंस में अग्रणी मल्टी-प्लेटफ़ॉर्म इंटेलिजेंस सर्विसेज (एमपीआईएस) ने अपने संगठनात्मक विस्तार के तहत पांच नई वरिष्ठ नियुक्तियों की घोषणा की है। नवीन नियुक्तियों में रोहित चंदेल को असिस्टेंट सीईओ, इक़बाल पटेल को असिस्टेंट सीओओ, पवन त्रिपाठी को प्रेजिडेंट (डिजिटल एंड ऑनलाइन सर्विसेज) तथा सुनील सिंह और अविकल शर्मा को मार्केटिंग मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी संगठन के संचालन, रणनीति, डिजिटल विस्तार और बाजार उपस्थिति को मजबूत करने में काम करेंगे। एमपीआईएस प्रिंट, डिजिटल, टीवी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सटीक और रियल-टाइम मीडिया मॉनिटरिंग सेवाएं प्रदान करता है। फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि कंपनी केवल खबरें मॉनिटर नहीं करती, बल्कि विश्लेषण के माध्यम से ब्रांड्स और संस्थाओं को रणनीतिक निर्णय लेने में मदद करती है। कंपनी 450 से अधिक प्रकाशनों और 12 से अधिक भारतीय भाषाओं में कवरेज प्रदान करती है, 24x7 ऑपरेशनल सपोर्ट और डेली मीडिया रिपोर्ट्स उपलब्ध कराती है। एमपीआईएस की सेवाओं में सेंटिमेंट एनालिसिस, मीडिया ट्रेंड्स और अवसरों की पहचान शामिल है, जिससे क्लाइंट्स बदलते मीडिया माहौल में हमेशा आगे रह सकें। इस विस्तार के साथ एमपीआईएस ने अपनी नेतृत्व टीम को सशक्त करते हुए मीडिया इंटेलिजेंस क्षेत्र में अपनी विश्वसनीयता और प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।




## कार की सीट के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 55 लाख का गांजा, 2 गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत रानीकोंबो में नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की क्रेटा कार नंबर युपी -32- एचएफ- 0299 से 1 क्विंटल 85 किलो 42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 55 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

### केन्द्र कोनपारा तुमला जशपुर में खरीफ वर्ष 2024-25 का मामला

# धान घोटाला: 6.55 करोड़ की अनियमितता का मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

धान उपार्जन केन्द्र कोनपारा तुमला में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान सामने आए 6 करोड़ 55 लाख रुपए के बड़े घोटाले में जशपुर पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक जयप्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी एफआईआर दर्ज होते ही दमोह मध्यप्रदेश में छिपा, फिर पुलिस दबाव बढ़ने पर विकासनगर कुसमुंडा, कोरबा पहुंचा, जहां रात में घेराबंदी कर उसे दबोचा गया। जांच में खुलासा हुआ कि जयप्रकाश साहू पहचान छिपाने के लिए हर बार दूसरे के नाम से मोबाइल सिम लेकर इस्तेमाल करता रहा। साइबर यूनिट की निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग से उसकी चालाकी धरी रह गई। संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। जिसमें धान खरीदी 1,61,250 क्विंटल,मिल व संग्रहण केंद्रों को परिदान 1,40,663.12 क्विंटल, कमी 20,586.88 क्विंटल, धान मूल्य 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से 6.38 करोड़ का नुकसान हुआ था। 4,898 नग बारदाना 17.07 लाख,कुल क्षति 6,55,26,979 का हुआ। 6 आरोपी, 2 जेल में, 4 फरार मामले में कुल 6 आरोपी नामजद हैं। फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव पहले ही गिरफ्तार होकर जेल में है।



### नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर दर्ज है जुर्म

वहीं शेष 4 आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर थाना तुमला में बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम व साइबर यूनिट ने कई राज्यों में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस, साई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर/03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6117



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6116 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | ब्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6127

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# विजय अभियान जारी रखने आज उतरेगा भारत, संजू व किशन पर होगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी।

वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा।

### टीम प्रबंधन के भरोसे पर किशन को खरा उतरना होगा

श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी

### कप्तान सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास कुछ बढ़ा होगा

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए।

### अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी

अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है।

**खास बातें**

- रायपुर में आज खेला जाएगा दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला
- पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत हासिल की थीं
- मैच में सैमसन व ईशान के बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा था



### भारत का गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित

निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति में भी गेंदबाजी विभाग काफी संतुलित नजर आता है।

### बुमराह को पावरप्ले में किया जा सकता है इस्तेमाल

अगर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या पावरप्ले में विकेट लेते रहते हैं तो जसप्रीत बुमराह को पावरप्ले के बाद तीन ओवरों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे टीम को बीच के ओवरों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिल जाएगा।

### रायपुर में भी ओस पड़ने की संभावना

भारत ने नागपुर में बड़ा स्कोर बनाया था जिससे वह ओस का प्रभाव कम करने में सफल रहा। यहां भी ओस पड़ने की संभावना है और कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं होगा, जैसा कि दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने दिखाया था, जब उन्होंने एक वनडे मैच में भारत के खिलाफ 359 रन का पीछा काफी आसानी से कर लिया था।

### न्यूजीलैंड वापसी के लिए बेताब

न्यूजीलैंड जानता है कि गेंदबाजी के मोर्चे पर उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था लेकिन उसकी टीम जल्द ही संभल जाती है और इसलिए वह वापसी करने के लिए बेताब होगी। डेवोन कॉनवे के हाल में आउट होने के तरीके को लेकर वे थोड़ा चिंतित होंगे, जिसमें वे बाहर जाती हुई गेंदों पर स्लिप कॉर्डन में कैच आउट हो जाते हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

मैच **शाम सात** बजे शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर ने की साइना नेहवाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने पूर्व विश्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की तारीफ करते हुए कहा कि आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता समय के साथ बनती है और उसकी विरासत केवल पदकों तक सीमित नहीं है। साइना ने पिछले दो साल से घुटने की चोट से परेशान रहने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि उनका शरीर अब उच्च स्तरीय खेल की जरूरतों को सहन नहीं कर सकता। हैदराबाद की इस 35 साल की खिलाड़ी ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रिय साइना, आपका करियर इस बात का प्रमाण है कि महानता एक-एक दिन के प्रयास, धैर्य, साहस और निरंतरता से बनती है। आपने भारतीय बैडमिंटन को विश्व स्तर पर पहुंचाया और दिखाया कि विश्वास, जब तैयारी के साथ जुड़ता है, तो किसी खेल की दिशा बदल सकता है। आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि पदकों से परे है।''

### पोंजी स्कीम का शिकार बने पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

**कराची।** पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाले शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के कई शीर्ष क्रिकेटर कथित तौर पर एक 'पोंजी स्कीम' का शिकार हो गए हैं जिसमें उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। एक सूत्र ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि यह मामला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संज्ञान में आ गया है और बोर्ड इस कथित वित्तीय घोटाले की जांच कर रहा है। सूत्र के अनुसार करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों के साथ एक पूर्व टेस्ट कप्तान ने भी एक पाकिस्तानी कारोबारी के पास बड़ी रकम निवेश की थी और अब यह व्यवसायी देश छोड़कर जा चुका है।

### भारत के पूर्व डिफेंडर पाशा का निधन

**नई दिल्ली।** भारत और ईस्ट बंगाल के पूर्व डिफेंडर इलियास पाशा का बृहस्पतिवार को यहां लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 61 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और दो बेटे हैं।



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पाशा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पाशा का नाम कर्नाटक के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार है। समर्पित और मृदुभाषी खिलाड़ी पाशा ने डिफेंस में अपना दबदबा कायम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाशा ने 27 जनवरी 1987 को कोझिकोड में नेहरू कप के दौरान बुल्गारिया के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया।

## ऑस्ट्रेलिया ओपन : जोकोविच ने सीधे सेटो में फ्रांसेस्को को दी मात

# जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, सिनर भी जीते

नोवाक ने पहली बार टूर्नामेंट में अपनी सर्विस गंवाई

सिनर ने जेम्स डकवर्थ को तीन सेटो में सीधे हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर भी आगे बढ़ने में सफल रहे। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।



### जोकोविच 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की कवायद में

वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है।'' तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे जैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने मैरी बोजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया जबकि मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए रात्रि मैच का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसमें नाओमी ओसाका ने सोराना सिर्स्टिया को 6-3, 4-6, 6-2 से पराजित किया।



### मौजूदा महिला चैंपियन कीव को मिली कड़ी चुनौती

महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की।



### सिनर तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में

इसके कुछ ही समय बाद सिनर ने जेम्स डकवर्थ पर दो घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखी। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# गुकेश ने चेक के गुयेन को हराया फेडोसीव ने एरिगैसी को चौंकाया





एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी (नीदरलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ मुकाबलों के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की जबकि अर्जुन एरिगैसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी। एरिगैसी ने इस हार के कारण अपनी संयुक्त बढ़त गंवा दी। बृहस्पतिवार को शुरुआती विश्राम दिवस से ठीक पहले मिली इस जीत के साथ गुकेश ने पांच में से तीन अंक हासिल कर लिए और तीन खिलाड़ियों से पीछे संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए।

अमेरिका के हांस नीमन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अब्दुसत्तोरोव के हमवतन और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने कड़ी टक्कर के बाद युवा यागिज काआन एरदोगमुस को हराया।

### तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर

तीन खिलाड़ी 3.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश फेडोसीव और नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वान फोरेस्ट के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। 114 खिलाड़ियों के 13 दौर वाले इस टूर्नामेंट में अभी नौ दौर बाकी हैं। एरिगैसी 2.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह दो अन्य भारतीयों अरविंद चिदंबरम और आर. प्रज्ञानानंदा से एक अंक आगे हैं। गुकेश ने काले मोहरों से दबाव के बीच 51 चाल में जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''यह एक अच्छी जद्दोजहद थी।''

## खेल संस्थाओं से की साझेदारी

# पेस ने किया गोल्फ का रुख चैंपियन तैयार करने का लक्ष्य



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने अब अपना ध्यान गोल्फ की ओर करते हुए विभिन्न खेलों में ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने का लक्ष्य बनाया है।

अठारह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन पेस ने देश में उभरती गोल्फ प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), 'प्रोफेशनल गोल्फर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (पीजीएआई) और 'द गोल्फ फाउंडेशन' (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने बृहस्पतिवार को आईजीयू, पीजीएआई और टीजीएफ के सहयोग से 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' का शुभारंभ किया, जो भारतीय गोल्फ खिलाडियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने की दिशा में एक अहम पहल है। दिल्ली गोल्फ क्लब में पेस की मौजूदगी में शुरू की गई इस पहल के तहत गोल्फ को सीधे स्कूलों और खेल मैदानों तक ले जाया जाएगा ताकि प्रतिभाओं का दायरा व्यापक बनाया जा सके।

### मुझे पता है कि ओलंपियन कैसे तैयार किए जाते हैं

इस कार्यक्रम में पूरे गोल्फ पारिस्थितिक तंत्र को शामिल किया गया है, जिसमें जीव मिल्खा सिंह, ज्योति रंधावा, शिव कपूर, गगनजीत भुल्लर, एसएसपी चौरसिया और गौरव घई जैसे पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। सात ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाले इकलौते भारतीय टेनिस खिलाड़ी पेस का लक्ष्य अगले 10 वर्षों में देशभर में विभिन्न खेलों के लिए 10 अकादमियां स्थापित करना है। पेस ने कहा, ''मेरे लिए खेलों में उत्कृष्टता का मतलब अपनी विरासत बनाना है। मैं दो ओलंपियनों के परिवार से आता हूं, इसलिए मुझे पता है कि ओलंपियन कैसे तैयार किए जाते हैं। मैं गोल्फ सहित सभी खेलों में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाना चाहता हूं। मैंने 18 ग्रैंड स्लैम जीते है और गोल्फ में भी 18 होल है, यही वजह है कि इस खेल ने मुझे आकर्षित किया।''

### युकी मिश्रित युगल के पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न।** भारत के युकी भांबरी और उनकी अमेरिकी साथी निकोल मेलिचर-मार्टिनेज गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के पहले दौर में जर्मनी के टिम पुट्ज़ और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से हार गए। भांबरी और मेलिचर-मार्टिनेज को पुट्ज़ और शुआई की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-3 1-6 (10-6) से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भांबरी का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि वह पुरुष युगल स्पर्धा में मुकाबले में बने हुए हैं। युकी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को पुरुष युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से पराजित किया था।

# सिंधू-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| जकार्ता


भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप (2021) के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य के सामने थाईलैंड की उभरती प्रतिभा पनीचाफोन टीरारत्सकुल की चुनौती होगी। टीरारत्सकुल ने पेरिस में कांस्य पदक जीतने वाली मलेशिया की ली जी जिया को हराया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंद्वी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई से होगा। सिंधू और फेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है।

**सिंधू ने डेनमार्क की होजमार्क को 21-19, 21-18 से हराया**



**लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन को सीधे सेटो में हराया**



### श्रीकांत चीन ताइपे के चेन से हारे

भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखा सके और प्री-क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए।

## आईसीसी ने मैच स्थल बदलने की मांग खारिज कर दी थी

# बांग्लादेश को अब भी आईसीसी से न्याय की उम्मीद

## भारत में टी20 विश्वकप नहीं खेलने पर अड़ा

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने बृहस्पतिवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था।

इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा।

### गुरुवार तक दिया गया था समय

आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को बृहस्पतिवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है।

### आईसीसी का रुख स्वीकार नहीं

हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा।



### भारत में खेलने को लेकर खतरा अब भी बना हुआ

नजरुल ने कहा, ''हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। ''उन्होंने कहा, ''हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।'' सलाहकार ने कहा, ''हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।''




# सच्चाई की तह तक पहुंचने के लिए बच्ची का डीएनए टेस्ट जरूरी

## हाईकोर्ट ने पत्नी की याचिका खारिज कर कहा, पति द्वारा बच्ची को बेटी न मानने का मामला

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने पत्नी द्वारा बच्ची के डीएनए टेस्ट को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त कर दी है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने जबलपुर कुटुंब न्यायालय के उस आदेश को सही ठहराया जिसमें बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि यदि पत्नी डीएनए सैंपल नहीं देती है तो कुटुंब न्यायालय भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के तहत प्रतिकूल अनुमान लगाने के लिए स्वतंत्र होगी। हाईकोर्ट ने माना कि यह साधारण मामला नहीं है। पति द्वारा पत्नी तक पहुंच न होने संबंधी ठोस दलीलें पेश की गई हैं। ऐसे में सच्चाई कि तह तक पहुंचने के लिए डीएनए टेस्ट जरूरी है।



पत्नी की ओर से कुटुंब न्यायालय के 18 अगस्त 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। कुटुंब न्यायालय ने पति की अर्जी स्वीकार करते हुए यह निर्देश दिया गया था कि शादी के बाद जन्मी बच्ची का डीएनए टेस्ट कराया जाए, ताकि उसके जैविक पिता की पुष्टि हो सके। पत्नी की ओर से तर्क दिया गया कि डीएनए टेस्ट से बच्ची की निजता व वैधता प्रभावित होगी। यह बच्ची के हितों के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए तर्क दिया गया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 112 के तहत वैधता की मजबूत धारणा को हल्के में नहीं तोड़ा जा सकता।

वहीं, पति की और से तर्क दिया गया पत्नी ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है। यह दोनों के बीच तीसरी तलाक याचिका है। वह भारतीय सेना में पदस्थ है और गर्भधारण की अवधि के दौरान वह पत्नी से नहीं मिला। गर्भधारण की जानकारी चार दिन में मिलने और आठ महीने में प्रसव जैसे तथ्यों को चिकित्सकीय रूप से असंभव बताया गया। इसलिए पति ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, जिसे कुटुंब न्यायालय ने मंजूर कर लिया था।

# अब पेसेंजर और मेमो ट्रेनों में बढेगी कोचों की संख्या

## रेलवे बोर्ड की मंजूरी: 10 और 4 कोच बढ़ेंगे

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे सहित देश भर के सभी पैसेंजर ट्रेनों की लंबाई बढ़ाने पर रेलवे बोर्ड ने सहमति दे दी है. अब सभी पैसेंजर ट्रेनों में 10 की जगह 20 कोच लगाए जाएंगे। इसके साथ ही मेमू और डेमू ट्रेनों में भी कोचों की संख्या बढ़ाकर 8 से 12 कर दी जाएगी। रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे सहित देश भर के सभी पैसेंजर ट्रेनों की लंबाई बढ़ाने पर अपनी सहमति दे दी है। बोर्ड की मंजूरी के बाद सभी रेलवे मंडलों को कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस फैसले से कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। गौरतलब हो कि पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल तथा कोटा मंडलों में चल रही लगभग 50 पैसेंजर ट्रेनों में भी अब अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे जिससे यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।

# ओटीपी मांग कर 3 लाख 7 हजार हड़प लिए

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत हाथीताल कालोनी में आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के रिवर्ड पाइंट्स और ऑफर से संबंधित जानकारी देने की बात करते हुए अज्ञात जालसाज ने एक युवक से ओटीपी ली और फिर उसके खाते से 3 लाख 7 हजार 433 रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बी 50 आस्था रेजीडेंसी हाथीताल कालोनी गोरखपुर निवासी 29 वर्षीय तुषार सेठी ने गोरखपुर थाने में लिखित शिकायत की है कि गत 10 जनवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आया जिसने अपने आप को आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट

### सायबर ठगी : क्रेडिट कार्ड ऑफर से लुभाया

कार्ड सर्विस से बताया और क्रेडिट कार्ड के रिवर्ड पाइंट्स और कुछ ऑफर से संबंधित जानकारी देने का हवाला देकर बात करने लगा है। उसके बाद उसके मोबाइल नंबर पर आईसीआईसीआई बैंक के नाम से ओटीपी प्राप्त हुआ कॉल करने वाले व्यक्ति ने उक्त ओटीपी उससे ले लिया। ओटीपी देने के बाद उसके खाते, क्रेडिट कार्ड से 3 लाख 7 हजार 433 की राशि डेबिट होने का मैसेज आया। इसके बाद उसके पास कई ओटीपी आने लगे, परंतु उसने आगे कोई ओटीपी साझा नहीं किया एवं तुरंत कार्ड ब्लाक कर दिया।

# स्टेशन में रेलवे मजिस्ट्रेट की औचक कार्रवाई, 31 यात्रियों से वसूला जुर्माना

**जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म परिसर में गत दिवस रेलवे मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश सागर द्वारा औचक टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ आरपीएफ और जीआरपी की टीम भी मौजूद रही। इस औचक जांच के दौरान हावड़ा मेल एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, सोमनाथ एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस, एलटीटी–बनारस एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस के यात्रियों की प्लेटफार्म पर टिकट जांच की गई।जांच के दौरान कई यात्रियों के पास टिकट न होने या गलत श्रेणी के टिकट होने की स्थिति सामने आई। इसके तहत, बिना टिकट यात्रा कर रहे 16 यात्रियों से कुल 9,000 का जुर्माना वसूला गया। निम्न श्रेणी के टिकट पर उच्च श्रेणी में यात्रा कर रहे 14 यात्रियों से 7,210 का जुर्माना लिया गया। बिना बुक किए सामान ले जा रहे 1 यात्री से 100 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल 31 अनधिकृत यात्रियों से 16,310 का जुर्माना वसूल कर रेलवे को राजस्व प्राप्त हुआ।

# दुर्घटना : मझगवां खदान में मची अफरा तफरी

## डस्ट में दबकर हाईवा चालक की मौत

**जबलपुर।** जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बेहद भयावह दुर्घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। खदान क्षेत्र में डस्ट अनलोडिंग के दौरान हाईवा चालक की डस्ट के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देर रात तक रेस्क्यू कार्य चलता रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार निवासी 40 वर्षीय मृत्युंजय पांडे बीते कई वर्षों से स्थानीय क्षेत्र में हाईवा वाहन चला रहे थे। बुधवार रात वे खदान परिसर में डस्ट खाली कराने पहुंचे थे। इसी दौरान डस्ट डंप कर रहे दूसरे हाईवा चालक रतन विश्वकर्मा, निवासी विजयराघवगढ़, ने वाहन पीछे किया। अचानक संतुलन बिगड़ने से मृत्युंजय पांडे वाहन की चपेट में आकर नीचे गिर पड़े और उसी समय ऊपर से भारी मात्रा में डस्ट उनके शरीर पर गिर गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही पलों में मृत्युंजय पूरी तरह डस्ट के नीचे दब गए। साथी मजदूरों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन डस्ट की मात्रा इतनी अधिक थी कि तत्काल कोई मदद संभव नहीं हो सकी। कुछ ही मिनटों में उनकी सांसें थम गईं।

### जेसीबी की मदद से निकाला गया शव

घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए खितौला और सिहोरा थाना क्षेत्र का पुलिस बल भी बुलाया गया। पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन से डस्ट हटवाकर शव को बाहर निकाला। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

### लापरवाही और तकनीकी खामी की आशंका

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा तकनीकी खराबी और गंभीर लापरवाही के चलते हुआ। इस मामले में डस्ट डंप कर रहे हाईवा चालक रतन विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। बताया जा रहा है कि जिस खदान क्षेत्र में यह हादसा हुआ, वह सुमित अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस खदान संचालन से जुड़े दस्तावेज और सुरक्षा इंतजामों की भी जांच कर रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रो-प्लास्टिक से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाएं

### एनजीटी ने राज्य शासन व नगर पालिकाओं को दिए निर्देश

जबलपुर।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने राज्य शासन , नगर निगमों व नगर पालिकाओं को प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को नियत की है। मामला स्वत: संज्ञान आधारित सुनवाई से संबंधित है। एनजीटी ने निर्देश दिया है कि राज्य और जिला स्तर की समितियां प्लास्टिक कचरा और माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की निगरानी करें। साथ ही चार सप्ताह के भीतर पर्यावरण सचिव को कार्रवाई की रिपोर्ट जमा करें। राज्य शासन कलेक्टरों को निर्देशित करें।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और क्षेत्रीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी करें। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और उज्जैन नगर निगम इस सिलसिले में समुचित गंभीरता का परिचय दें। एनजीटी ने स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को गंभीरता से लिया। एनजीटी ने पाया कि अकेले भोपाल में 50 से अधिक अवैध प्लास्टिक रीसाइक्लिंग यूनिटें लगभग दो लाख नागरिकों के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न कर रही हैं।



लिहाजा, माइक्रोप्लास्टिक हटाने की तकनीकों का मूल्यांकन होना चाहिए। वर्तमान तकनीकों का भी परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। वायु, जल और मिट्टी से माइक्रोप्लास्टिक हटाने के लिए नई तकनीकों का विकास होना चाहिए। वस्त्र, टायर, डिटर्जेंट, सड़क सतह और अन्य उत्पादों के टिकाऊ डिजाइन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। व्यक्तिगत देखभाल और कास्मेटिक उत्पादों में माइक्रोप्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया चाहिए। प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन से पर्यावरण में रिसाव कम करने की दिशा में प्रयासों को गति दी जानी चाहिए। बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना भी एक उपाय है। नदियों, वेटलैंड और समुद्र तटों की सफाई पर ध्यान आवश्यक है। सीवेज और वर्षा जल प्रणालियों में फिल्टर-स्क्रीन लगाई जानी चाहिए। साथ ही नगरपालिका जल आपूर्ति और वेटलैंड में माइक्रोप्लास्टिक की निगरानी वर्ष में दो बार करें।

## 35 लाख की धोखाधड़ी के मामले में शीघ्र जांच पूरी कर चार्जशीट पेश करें

### हाई कोर्ट ने पुलिस को दिए निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जमीन के एक सौदे में 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी संबंधी मामले में सख्ती बरती। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने जबलपुर पुलिस को निर्देशित किया कि शीघ्र जांच पूरी कर चार्जशीट पेश करे। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी व्यवसायी मोहम्मद फैजल अंसारी की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए याचिका दायर की गई है। 22 जुलाई 2023 को आरोपित तय्युब अंसारी के साथ सात करोड़ रुपये कीमत वाली कृषि भूमि में हिस्से के लिए समझौता हुआ था। आवेदक फैजल ने 35 लाख रुपये नकद और आरटीजीएस के माध्यम से किस्तों में 24 जुलाई, दो अगस्त, 11 सितंबर और 25 अक्टूबर 2023 को भुगतान किया। लेकिन आरोपित ने धोखे से बीच खेतों में एक घटिया प्लाट दिखाकर फर्जी डीड कर दी। जिसकी शिकायत जनवरी 2025 में पुलिस में की गई। जिसके बाद 11 मार्च 2025 को गोहलपुर थाने में धोखाधड़ी के तहत प्रकरण दर्ज हुआ था। आवेदक की ओर से कहा गया कि नौ माह बीत जाने के बावजूद जांच पूरी नहीं हुई, आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई और चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। जिसकी शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की गई, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।



## निगमायुक्त ने किया गौरीघाट क्षेत्र का निरीक्षण

### स्वच्छता और सुगम यातायात रखने पर दिया जोर

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के के साथअन्य विकास कार्यों को व्यवस्थित कराने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार धरातल पर उतरकर व्यवस्थाओं का लगातार जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने गौरीघाट से लेकर रामपुर चौक तक के मार्ग का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल सफाई व्यवस्था को देखा, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण और सड़क समतलीकरण को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नर्मदा तट के गौरव 'गौरीघाट' की व्यवस्थाओं को और अधिक व्यवस्थित करने पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वच्छता के उच्चतम मानक बनाए रखे जाएं।यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क किनारे किए गए अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए। साथ ही, सड़कों के किनारों का समतलीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर टीम के सदस्यों में अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता टीम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक वैभव तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## महाकौशल विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जबलपुर द्वारा गुरुवार को महाकौशल विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार नारेबाज़ी एवं धरना-प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता विश्वविद्यालय पहुंचे और प्रशासन पर गंभीर शैक्षणिक व प्रशासनिक लापरवाहियों के आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान कुलगुरु सहित शीर्ष अधिकारी परिसर में अनुपस्थित रहे, जिससे स्थिति कुछ समय तक तनावपूर्ण बनी रही। बाद में विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात एनएसयूआई ने धरना समाप्त किया।एनएसयूआई का आरोप है कि विश्वविद्यालय में अनेक पाठ्यक्रम प्रारंभ तो कर दिए गए हैं, किंतु उनके अनुरूप आवश्यक अधोसंरचना—जैसे उपयुक्त भवन, प्रयोगशालाएँ, छात्र सुविधा केंद्र एवं अन्य बुनियादी संसाधन—मौजूद नहीं हैं। संगठन का कहना है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में नियामकीय अनुपालन का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा है। एक ही भवन में अनेक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### महानद्दा में सड़क पर मिला बछड़े का कटा सिर

## रोष : शहर का माहौल बिगाड़ने साजिश, हिन्दू संगठनों ने किया हंगामा

जबलपुर।

गोरखपुर थानांतर्गत महानद्दा के समीप गुरुवार की सुबह सड़क पर गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। उक्त जानकारी मिलते ही बडी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकता मौके पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसी बीच मदन महल और गोरखपुर थाना पुलिस का अमला भी मौके पर पहुंचा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। वर्तमान माहौल में किसी सिरफिरे ने शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।बताया जा रहा है





कि महानद्दा के पास से गुजरते स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे गाय के बछड़े का कटा सिर देखकर हिंदू संगठन के कार्यकताओं को इसकी सूचना दी। सूचना पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री विशाल नामदेव ने बताया कि गुरुवार को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ है, लिहाजा शहर का माहौल बिगाड़ने के लिए किसी जिहादी ने ही इस काम को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में अपराध को करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ गौ अधिनियम और धार्मिक उन्माद फैलाने की धाराओं के तहत कार्यवाही की जाए। विश्व हिंदू परिषद के सदस्य विकास खरे ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।गोरखपुर थाना पुलिस ने गौवंश के कटे सिर को कब्जे में ले उसे पीएम के लिए भेजा है फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सिग्नल ओवरशूट मामले में सीनियर डीईई टीआरओ हटाए गए, जांच शुरू

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल में गुर्रा-इटारसी स्टेशनों के बीच हुई स्पैड (सिग्नल पासिंग एट डेंजर) की घटना को रेल प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस गंभीर लापरवाही के मामले में प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए न केवल संबंधित लोको पायलट और सहायक लोको पायलट को निलंबित कर दिया है, बल्कि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर भी गाज गिरी है।रेलवे प्रशासन ने इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी तय करते हुए सीनियर डीईई (टीआरओ) अक्षय कुमरावत को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उनके स्थान पर पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय में पदस्थ सीडीईई (जनरल) एके श्रीवास्तव को नया सीनियर डीईई नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि रेलवे बोर्ड ने भी इस घटना पर कड़ा ऐतराज जताया है, जिसके बाद मंडल स्तर पर यह बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है। गौरतलब है कि गत 15 जनवरी की देर रात जबलपुर रेल मंडल के गुर्रा-इटारसी रेल खंड के बीच आईबीएच (इंटरमीडिएट ब्लॉक होम) पर अप लाइन पर एक मालगाड़ी के चालक ने लाल सिग्नल पार कर दिया था।

### ट्रेप : पीएम आवास योजना राशि जल्द दिलाने मांगी थी घूस

## ग्राम रोजगार सहायक रिश्वत लेते पकड़ा गया

**जबलपुर।** लोकायुक्त इकाई ने गुरुवार को ट्रेप ऑपरेशन चलाकर ग्राम रोजगार सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ओमेंद्र कुमार पारधी पिता जगन्नाथ पारधी निवासी ग्राम साल्हे कोसमी, तहसील बरघाट, जिला सिवनी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता अब्दुल वाहब पिता माबूद खान ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी सबीना बी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का नाम जोड़ने तथा डेढ़ लाख रुपये की राशि का आवंटन जल्दी कराने के एवज में आरोपी ने 5 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी।

लोकायुक्त टीम ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से रंग हाथों 5 हजार रुपये लेते हुए पकड़ लिया। यह ट्रैप राशि भी उसी समय बरामद की गई।



आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा 7, 13(1)(b) और 13(2) के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

ट्रेप दल का नेतृत्व डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने किया, जबकि शशि मर्सकोले ट्रैप कर्ता और निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया भी दल में शामिल रहे। साथ ही लोकायुक्त जबलपुर की टीम भी इस कार्रवाई में मौजूद रही।

## रेल यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाला यूपी का असलम गिरफ्तार, 11 महंगे फोन जब्त

जबलपुर।

शासकीय रेल पुलिस जीआरपी ने एक शातिर मोबाइल चोर को पकड़ा है जो ट्रेनों और स्टेशन परिसर में यात्रियों के मोबाइल पार करता था। पुलिस ने इस आरोपी से करीब 2 लाख 26 हजार रुपये कीमत के 11 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जौनपुर, उत्तर प्रदेश निवासी 37 वर्षीय मोहम्मद असलम उर्फ जाहिद के रूप में हुई है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि आरोपी को जबलपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र से संदेह के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से बड़ी संख्या में कीमती मोबाइल फोन मिले, जिनके संबंध में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ट्रेन में चढ़ने-उतरने के दौरान और प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाता था। वह खासतौर पर लंबे रूट की ट्रेनों और व्यस्त समय को निशाना बनाकर यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# नेताजी की प्रतिमा का अनावरण और शताब्दी स्तंभ का लोकापर्ण आज

### शताब्दी वर्ष : सिटी बंगाली क्लब पहुंचेंगे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सीएम डॉ.यादव

जबलपुर।

शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी सिद्धिबाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन (सिटी बंगाली क्लब) अपने शताब्दी वर्ष के समापन को भव्य समारोह के रूप में मनाने जा रही है। यह विशेष आयोजन 23 जनवरी, शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और विधायक अशोक रोहाणी की उपस्थिति प्रस्तावित है।एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत पाल और सचिव प्रकाश साहा ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि शताब्दी समारोह के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण और शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण किया जाएगा।




इसके साथ ही संस्था के संस्थापकों और पूर्वजों की स्मृति को समर्पित एक विशेष फोटो गैलरी का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो संस्था के सौ वर्षों के इतिहास को दर्शाएगी।

### जयश्री को मिलेगा शताब्दी सम्मान

इस अवसर पर पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी को उनके योगदान के लिए 'शताब्दी सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। साथ ही संस्था द्वारा प्रकाशित शताब्दी स्मारिका का विमोचन भी समारोह का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

### 1939 की ऐतिहासिक यात्रा की झलक

कार्यक्रम में वर्ष 1939 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जबलपुर आगमन से जुड़े दुर्लभ पत्रों और ऐतिहासिक दस्तावेजों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के उस दौर से रूबरू कराएगी, जब जबलपुर भी राष्ट्रीय आंदोलन का अहम केंद्र रहा था।

### शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह के दूसरे चरण में शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। यह सांस्कृतिक संध्या भारतीय संगीत जगत के महान संगीतकारों सलिल चौधरी, एस.डी. बर्मन और आर.डी. बर्मन को समर्पित रहेगी। संगीत, गायन और प्रस्तुति के माध्यम से उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाजों के साथ किया जाएगा।

## डुमना विमानतल पर हुआ भव्य स्वागत

केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का गुरुवार को जबलपुर आगमन हुआ। डुमना विमानतल पर भाजपा नगर और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत में प्रदेश और जिला नेतृत्व, सांसद, विधायक, महापौर, महिला मोर्चा एवं नगर निगम अध्यक्ष सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। डुमना से केंद्रीय मंत्री लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास पहुंचे, जहाँ उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जिला पदाधिकारियों से भेंट की। इसके बाद सांसद आशीष दुबे के कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।



### वर्षगांठ : प्रभु श्रीराम प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण

# शहर में अयोध्या सा नजारा, हवन, पूजन, भंडारे की धूम

जबलपुर

अयोध्या में भगवान श्री राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को पूरा शहर राम नाम की धुन से गूंज उठा। हर तरफ हर्षोल्लास का वातावरण रहा। पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, रामायण पाठ किए गए। हवन पूजन के बाद कहीं मिष्ठान्न और कहीं भंडारे का आयोजन किया गया। इन आयोजनों से दिन में जहां ऐसा लग रहा था कि दशहरे का पर्व मनाया जा रहा था तो वहीं रात में दीपों की जगमगाहट और रंग बिरंगी आतिशबाजी से दीपोत्सव का नजारा दिख रहा था। सुबह से ही लोग राम रंग में रंगे नजर आने लगे थे। महिलाएं पीले वस्त्र और पुरुष केसरिया वस्त्र में नजर आ रहे थे।

### मां कालीधाम में दिनभर चला भंडारा

अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्रीराम लला मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने पर श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढाफाटक द्वारा शाम को भंडारे का वितरण किया गया उसके बाद रात में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारो श्रद्धालुओं ने वेज पुलाव की भोजन प्रसादी ग्रहण की। पूरे दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को मंदिर में आरती कर दीप प्रज्जवलित किए गए। पूरे दिन जय श्री राम और जय काली के नारे गुंजायमान रहे। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने पूरे मनोयोग के साथ आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया और आयोजन में सहयोग करने वालों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### श्रीराम लला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर सिद्ध मंच पर सुंदरकांड पाठ



**जबलपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर 22 जनवरी को गढ़ा रामलीला स्थित सिद्ध मंच पर प्रातः 8 बजे से भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। इसी क्रम में सायं 4 बजे रामलीला समिति गढ़ा एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सिद्ध मंच पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में छिंदवाड़ा से प्रारंभ होकर 3 फरवरी को जबलपुर पहुंचने वाली विशाल त्रिशूल सनातन हिन्दू एकता यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह यात्रा जबलपुर से होते हुए अयोध्या धाम पहुंचेगी। बैठक में बताया गया कि स्टील से निर्मित त्रिशूल की ऊंचाई 60 फीट, चौड़ाई 11 फीट तथा वजन लगभग 700 किलोग्राम है। यात्रा के स्वागत, मार्ग निर्धारण एवं व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में रामलीला समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भवरताल गार्डन में सुंदरकांड पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें मार्निंग वॉकर द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।



### शोभा यात्रा और भंडारे का आयोजन



अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर रामपुर छापर यादव मोहल्ला में सीताराम प्रभात फेरी मंडल द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का मार्ग शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ, जहाँ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री एवं पश्चिम विधानसभा के विधायक राकेश सिंह और पूर्व पार्षद ठाड़ेश्वर महावर उपस्थित रहे और उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। यात्रा के मुख्य संयोजक एडवोकेट रजनीश यादव ने कहा कि सीताराम प्रभात फेरी पूरे वर्ष धार्मिक आयोजन करती रहती है और यह सिलसिला निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी सहभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद प्रेषित किया।

## जनता और सरकार के बीच सेतु है जन अभियान परिषद : राम राजा यादव



पाटन।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर के विकासखंड पाटन अंतर्गत बोरिया सेक्टर के ग्राम करारी मनकंवारा में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वीर दुर्गा दास राठौर जन मानस कल्याण नवांकुर संस्था द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष राम राजा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम विकास के बिना भारत का विकास अधूरा है, क्योंकि भारत गांवों का देश है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद जनता और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। मुख्य वक्ता श्रीमती प्रियंका जैन ने स्वच्छता, स्वावलंबन और सामूहिक सहभागिता जैसे विषयों पर जनसमूह से संवाद किया। विशेष अतिथि विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, श्रीमती रोशनी गोंड, पवन बर्मन सहित ग्रामवासी एवं ग्राम समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## गौ माता के नाम पर करोड़ों का खेल, अधिकारी कुंभकरणी नींद में

पनागर/रिठौरी।



पनागर विकासखंड की ग्राम पंचायत रिठौरी स्थित मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम की भूमि पर बनी गौशाला की स्थिति बेहद दयनीय सामने आई है। शासन द्वारा गौवंश संरक्षण के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाने के दावों के बावजूद, यहां गौ माता के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह परिसर पहले जैविक कृषि प्रशिक्षण केंद्र था, जिसे बाद में गौशाला में परिवर्तित किया गया। उद्घाटन के समय बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। मौके पर न भूसा है, न चारा, न पीने का पानी, न बाउंड्रीवॉल और न ही छाया या देखरेख की व्यवस्था। आरोप है कि गौवंश को सुबह जंगल में छोड़ दिया जाता है और शाम को वापस लाया जाता है, जिससे दिनभर वे भूखे-प्यासे भटकते रहते हैं। ग्रामीणों ने गौ माता के नाम पर मिलने वाली राशि के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निरीक्षण की सूचना मिलने पर अस्थायी व्यवस्था कर अधिकारियों को गुमराह किया जाता है। शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से जिला प्रशासन और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## शिव पुत्री मां नर्मदा कलयुग में साक्षात जीवन दायिनी है

बरेला

ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच वर्षा नीलकमल झारिया एवं समस्त ग्राम बम्हनी वासियों के द्वारा ग्राम बम्हनी में संगीत मय मां नर्मदा पुराण का भव्य आयोजन हो रहा कथा व्यास पीठ पर विराजमान पण्डित रमेश दुबे जी के मुखारबिंद से मां नर्मदा जी के महत्व और महिमा की शानदार विवेचना कर बताया मां नर्मदा जी की अनुपम कृपा हम सब के ऊपर अनवरत रूप से बनी है। मां नर्मदा पुराण में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजा अर्चन पण्डित अरविंद तिवारी ,आशीष शुक्ला ,सरपंच लक्ष्मण तिवारी ,अमित शुक्ला, योगेश पटेल ने की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सनातन धर्म ने विश्व को जीवन जीना सिखाया : ब्रम्हानंद दास

# ज्वालामुखी बस्ती में हुआ हिन्दू सम्मेलन

सिहोरा।





सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ज्वालामुखी बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन गुरुवार को कन्या शाला ग्राउंड में आयोजित किया गया । सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता संत ब्रम्हानंद दास जी महाराज ने कहा कि निजी स्वार्थों और स्वयं को श्रेष्ठ दिखाने की चाहत ने ही सनातन धर्म में बिखराव पैदा किया जिसका फायदा उठाकर आक्रांताओं ने देश का नुकसान किया। आगे कहा हमें अपनी बेटियों को मां दुर्गा और रानी लक्ष्मी बाई बनाना है जिससे वह विधर्मियों से निपट सकें सनातन धर्म संस्कृति और एक जीवन पद्धति है जो हमें रिश्तों का पालन करना सिखाता है। हमने अगर अपने दायित्वों का निर्वाहन सही ढंग से किया होता तो आज शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता की पूजन और बेटियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अतीश जी भी उपस्थित थे।मंच पर उपस्थित संगीता जैन ने पंच परिवर्तनों में सामाजिक समरसता,पर्यावरण सुरक्षा,कुटुम्ब प्रबोधन,स्वादेशी,नागरिक कर्तव्य बोध आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। इस गौरवमयी अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। अभी तक आयोजित किए गए आधा दर्जन से अधिक हिन्दू सम्मेलनों में हिन्दुओं में गजब की एकता देखने को मिली जिसमें सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर सफल बना रहे हैं। और इसको लेकर उत्साह भी देखने को मिला।

## माँ कलेही माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 25 से

जबलपुर।



धर्मधानी एवं संस्कारधानी जबलपुर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक गोपालबाग क्षेत्र दमोहनाका में 152 वर्ष प्राचीन माँ कलेही माता मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण पूर्ण होने के उपरांत प्राण प्रतिष्ठा समारोह 25 जनवरी से 02 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर द्वारकाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि माँ कलेही को नवदुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्र के रूप में पूजा जाता है, यह मंदिर क्षेत्रीय ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में मां कलेही के केवद दो प्राचीन मंदिर हैं, एक पवई जिला पन्ना में तथा दूसरा जबलपुर स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर जिसकी आस्था लगभग डेढ़ शताब्दी से निरंतर प्रवाहित हो रही है। माँ कलेही मंदिर का पुनर्निर्माण राजस्थान के अनुभवी शिल्पज्ञों द्वारा पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। मंदिर निर्माण में लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत आई है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा का शुभारंभ बगलामुखी माता मंदिर से किया जाएगा, यह शोभायात्रा मालवीय चौक, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, सराफा, तमरहाई, छोटा फुहारा से होते हुए श्री माँ कलेही माता मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न होगी। मंदिर परिसर में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे, इसके पश्चात नौ दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन, हवन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।



### श्रीराम वार्षिकोत्सव यज्ञ आज से

**सिहोरा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कुर्रे में आज से सात दिवसीय श्रीराम वार्षिकोत्सव यज्ञ एंव अखंड श्री सीताराम नाम जप संकीर्तन का आयोजन 30 जनवरी तक अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी श्री बालसंत जू महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है।

# नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ, अजाक्स का वार्षिक कैलेंडर विमोचित



**जबलपुर।** नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ, अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं जबलपुर शहर के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, संघ के संरक्षक रत्नेश सोनकर तथा नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि यह वार्षिक कैलेंडर नगर निगम अधिकारी-कर्मचारियों एवं नगरहित को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। कैलेंडर में नगर निगम जबलपुर द्वारा किए गए कार्यों के साथ-साथ महापौर द्वारा कर्मचारी हित एवं नगर विकास के लिए किए गए कार्यों की जानकारी भी सम्मिलित की गई है।

कैलेंडर में शासकीय एवं ऐच्छिक अवकाशों के साथ-साथ स्वच्छता, सफाई, जल संरक्षण, संपत्ति कर, "जल है तो कल है" जैसे नगरहित से जुड़े संदेशों एवं प्रतीकों को भी स्थान दिया गया है, जिससे आम नागरिकों को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों, नगर निगम अधिकारी-कर्मचारियों को अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय करी, गुलशन जबलपुर, राजेंद्र पटेल, मन्नू पटेल एडवोकेट, दीपक नरसम्मालु, रामू भैया, कोयरी नायडू, श्रीनिवास्लु रामाराव, अशोक वर्मा मागरदे, महेंद्र मलिक, राहुल आदित्य, सत्यम सैमुअल, प्रहलाद बर्मन, विजय सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




**श्री घनश्याम दास ग्रांय-** झामनदास चौक सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी सिकंदर, राहुल व सुनील ग्रांय के पिता श्री घनश्याम दास ग्रांय उर्फ इंकल (60) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे करियापाथर श्मशान भूमि के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती दुर्गा श्रीवास-** बगीचा नं. 98 गोरा बाजार केंट निवासी श्री प्रकाश श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा श्रीवास (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव-** पीएंडटी कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री तारा बाई पासी-** संजय गांधी नगर केंट निवासी श्री गनेश प्रसाद पासी की पुत्री सुश्री तारा बाई पासी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई करसेल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री राम प्रसाद करसेल की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई करसेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता गुप्ता-** कलचुरी विहार सिविल लाइन निवासी श्री कन्हैया लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती गीता गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार सैनी-** महेशपुर आमनपुर मदनमहल निवासी श्री विजय कुमार सैनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई बेन-** शांतिनगर अम्बेडकर कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्री ठाकुर प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई बेन (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश चंद्र बसेडिया-** अंडर ब्रिज रोड मदनमहल नरसिंह वार्ड निवासी श्री प्रकाश चंद्र बसेडिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद बिहारी मिश्रा-** शिलाकुंज रामपुर एमपीईबी हॉस्टल के पीछे निवासी श्री मप्र विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त श्री विनोद बिहारी मिश्रा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला राजपूत-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री श्याम सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला बाई झारिया-** बरगी नगर निवासी श्री मान सिंह झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई झारिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री भगवान दास कोरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा लाल केवट-** बस्ती नं. 2 गोहलपुर निवासी श्री हीरा लाल केवट (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिगोविंद प्रसाद श्रीवास्तव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री हरिगोविंद प्रसाद श्रीवास्तव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल सिंह-** सिविल लाइन कांचघर निवासी श्री कमल सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई राजपूत-** सुहागी हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री बृजभान सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई राजपूत (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मदन लाल-** मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री मदन लाल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लालता बाई गोस्वामी-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री शंकर पुरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती लालता बाई गोस्वामी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मोहन वर्मा-** बजरंग नगर व्हीकल रांझी निवासी श्री मोहन वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप

### बीओआई के लाभ में 7.5 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,517 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया था।

### इटर्नल का तीसरी तिमाही लाभ 73 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली इटर्नल का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 72.88 प्रतिशत बढ़कर 102 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 59 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। ब्लिंकिट के वर्तमान सीईओ अलबिंदर सिंह ढींडसा को एक फरवरी से ''इटर्नल'' का नया सीईओ नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

### रेजरपे पीओएस को मिला आरबीआई से लाइसेंस



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेजरपे की 'ऑफलाइन' भुगतान इकाई रेजरपे पीओएस को आरबीआई से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में कार्य करने का लाइसेंस मिल गया है। रेजरपे के पास अब आरबीआई के तीनों प्रमुख लाइसेंस, ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर, क्रॉस-बॉर्डर एग्रीगेटर और ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर हैं।

### इंडियन बैंक के लाभ में सात फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 7.33 प्रतिशत बढ़कर 3,061 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2,852 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### वारी एनर्जीज का लाभ दोगुना होकर 1,106 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दोगुना होकर 1,106.79 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में मुनाफा 506.88 करोड़ रुपये रहा था। वारी एनर्जीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय 7,761.23 करोड़ रुपये रही।

### फोनपे के शेयरधारक 10 हजार करोड़ की हिस्सेदारी बेचेंगे



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे के शेयरधारक वॉलमार्ट, टाइगर ग्लोबल और माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल फाइनेंस कंपनी के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में करीब 10,115 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी के अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसलिए आईपीओ के माध्यम से कंपनी कोई अतिरिक्त पूंजी नहीं जुटाएगी।

# 2030 तक खतरे में होंगी व्हाइट कॉलर नौकरियां, एआई को लेकर डब्ल्यूईएफ की चेतावनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनियाभर में 'ग्रेट जॉब शेक-अप' (नौकरियों का बड़ा फेरबदल) शुरू हो चुका है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की चौंकाने वाली रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि साल 2030 तक लाखों नौकरियां इतिहास का हिस्सा बन सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने उन क्षेत्रों में खतरे की घंटी बजा दी है, जिन्हें अब तक सुरक्षित माना जाता था। डेटा प्रोसेसिंग, अकाउंटिंग और एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े रोल्स टेक्नोलॉजी के हाथों में जाने के लिए तैयार हैं। इस बदलाव का मतलब यह नहीं है कि काम खत्म हो जाएगा.. बस काम करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। जो लोग समय रहते नई तकनीक और स्किल्स के साथ खुद को नहीं ढालेंगे, उनके लिए जॉब मार्केट में टिक पाना नामुमकिन होगा। यह संकट केवल कम स्किल्ड लेबर तक सीमित नहीं है, चार्टर्ड अकाउंटेंट, ऑडिटर्स और डेटा एनालिस्ट जैसे उच्च शिक्षित प्रोफेशनल्स पर भी एआई का साया मंडरा रहा है।

## बिना स्कील के जॉब मार्केट में टीके रहना मुश्किल होगा

### *अगले 5 साल में ये नौकरियां खत्म हो जाएंगी?*

*दशकों से अकाउंटिंग और ऑडिटिंग को करियर के सबसे स्टेबल विकल्पों में गिना जाता रहा है। लेकिन डब्ल्यूईएफ की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2030 तक ये नौकरियां गायब हो सकती हैं। कारण साफ है- सॉफ्टवेयर अब कठिन से कठिन बैलेंस शीट और टैक्स कैलकुलेशन को बिना किसी मानवीय गलती के सेकंडों में हल कर सकते हैं। एल्गोरिदम अब धोखाधड़ी का पता लगाने और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस करने में इंसानों से कहीं अधिक कुशल हो गए हैं।*



एआई और ऑटोमेशन की बढ़ती रफ्तार ने खतरे की घंटी बजा दी

### प्रशासनिक और डेटा एंट्री ऑपरेटर होंगे प्रभावित

मौजूदा दौर में ऑफिस में होने वाले रूटीन काम (जैसे डेटा एंट्री, रिकॉर्ड कीपिंग और एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट) की भूमिकाएं तेजी से ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही हैं। एआई टूल्स अब ईमेल शेड्यूल करने, मीटिंग्स की समरी बनाने और फाइल्स को व्यवस्थित करने का काम आसानी से कर रहे हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट का अनुमान है कि क्लर्क और प्रशासनिक सचिवों की मांग में भारी गिरावट आएगी। अगले 5 सालों में ये भूमिकाएं खत्म हो सकती हैं।

### *कौन बनेगा भविष्य का विजेता?*

*जहां एक तरफ पारंपरिक नौकरियां जा रही हैं, वहीं नई स्किल्स की डिमांड बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 'क्रिटिकल थिंकिंग', 'एनालिटिकल थिंकिंग' और 'क्रिएटिविटी' भविष्य के सबसे बड़े हथियार होंगे। एआई और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, सस्टेनेबिलिटी एक्सपर्ट्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्पेशलिस्ट की मांग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके अलावा, जिन कामों में मानवीय संवेदनाओं और सहानुभूति की जरूरत है (जैसे केयरगिविंग और मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल), वे नौकरियां सुरक्षित रहेंगी।*

## बजट को लेकर सरकार के सामने रखी अपनी मांग

# नैसकॉम की बजट में क्लाउड कर में स्पष्टता व स्टार्टअप को अधिक लाभ देने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उद्योग जगत की संस्था नैसकॉम को केंद्रीय बजट में कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (ईएसओपी) के तहत कर स्थगन का लाभ अधिक स्टार्टअप को दिए जाने और भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए उचित स्पष्टीकरण लाए जाने की उम्मीद है।

इस संगठन में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विभिन्न दिग्गज शामिल हैं। नैसकॉम ने बजट को लेकर अपनी मांगों में अधिक स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान को टालने (ईएसओपी कर स्थगन) के प्रावधान को भी प्रमुखता से उठाया है।

### कैरी फॉरवर्ड लाभ का फायदा मिले

इसके साथ ही, उसने विलय या समामेलन की स्थिति में संचित घाटे एवं अप्रयुक्त अवमूल्यन के 'कैरी-फॉरवर्ड' और समायोजन (सेट-ऑफ) से जुड़े लाभों को सभी कंपनियों तक उनके व्यवसाय की प्रकृति की परवाह किए बिना विस्तारित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

**खास बातें**

- ईएसओपी के तहत कर स्थगन का लाभ मिले
- भारतीय डेटा केंद्रों के विदेशी क्लाउड उपयोग की कर चिंता दूर करे
- स्टार्टअप के लिए ईएसओपी पर कर भुगतान टालने का मुद्दा उठाया





### प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय शामिल हो

अन्य सुझावों में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) पुनर्निवेश आरक्षित कोष के पात्र उपयोग के दायरे का विस्तार करना भी शामिल है ताकि इसमें पट्टे पर ली गई प्रौद्योगिकी परिसंपत्तियां, क्लाउड अवसंरचना, सॉफ्टवेयर सब्सक्रिप्शन, इंटीरियर, सुविधाएं एवं अधिकृत एसईजेड परिचालनों से जुड़े नए कर्मचारियों की भर्ती तथा प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय भी शामिल किया जा सके।

*डिफरल की सुविधा देने का आग्रह : नैसकॉम ने सरकार से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त सभी स्टार्टअप को ईएसओपी पर कर भुगतान के स्थगन (डिफरल) की सुविधा देने और ईएसओपी लागत को आयकर अधिनियम की धारा 37 के तहत कटौती योग्य बनाने का आग्रह किया है।*

*कर नीतियों पर ध्यान देना होगा : हालांकि पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि धीमी रही है। इसे हमारे प्रमुख बाजारों से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए और कर नीतियों पर विचार करते समय इसी संदर्भ को ध्यान में रखना होगा।''*

### *उद्योग 300 अरब डॉलर का आंकड़ा छुएगा*

*नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट उद्योग के लिए दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में पेश किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा, '' उद्योग के रूप में हमने पिछले वर्ष 280 अरब अमेरिकी डॉलर पर समापन किया था और इस वर्ष हम 300 अरब डॉलर के आंकड़े के करीब हैं।*

### प्रौद्योगिकी एक सशक्त माध्यम

नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी बड़ी एवं विविध आबादी को देखते हुए 'डीपफेक', डिजिटल धोखाधड़ी और उपयोगकर्ताओं को पेश होने वाली अन्य समस्याओं से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) के कामकाज को लेकर एक संतुलित एवं चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी उद्योग की भविष्य की सफलता की नींव, भरोसे पर ही टिकी होगी।

### एआई का उपयोग समस्याएं कम करने में हो

प्रौद्योगिकी को एक बड़ा सशक्त माध्यम बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि एआई का उपयोग इसके कारण उत्पन्न होने वाली कई तरह की समस्याओं को कम करने और रोकने के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपयोगकर्ताओं को नुकसान के बाद प्रतिक्रिया देने वाले विनियमन के बजाय अब 'प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा सीमाएं' (टेक्नोलॉजी-लेड गार्डरेल्स) तय करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

# शेयर बाजार तीन दिनों की गिरावट से उबरा, सेंसेक्स 398 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- ग्रीनलैंड मामले में ट्रंप के नरम रुख से बाजार में सुधार
- एक समय सेंसेक्स में 873 .55 अंक का उछाल दर्ज किया गया

वैश्विक बाजारों में मजबूती और ग्रीनलैंड मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 132 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 397.74 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 873.55 अंक उछलकर 82,783.18 अंक तक पहुंच गया था।

निफ्टी 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 25,289.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 278.25 अंक की तेजी के साथ 25,435.75 के स्तर तक पहुंच गया था।

### एशियाई बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार मजबूत रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# सोने पर कर्ज देने वाली एनबीएफसी की परिसंपत्तियां बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





- एयूएम अगले साल चार लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान : क्रिसिल

सोने के आभूषणों पर कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगले वित्त वर्ष तक लगभग 40 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है और मार्च 2027 तक ये चार लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती हैं।

यह जानकारी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि के पीछे बढ़ती हुई सोने की कीमतें, सुरक्षित कर्ज की तरफ झुकाव और विकसित नियामकीय माहौल मुख्य कारक हैं। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच इन एनबीएफसी की वार्षिक वृद्धि दर 27 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में सोने की कीमतें लगभग 68 प्रतिशत बढ़कर ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक अपर्णा किरुबकरण ने कहा कि सोने के दाम उछलने से गिरवी रखे गए सोने का मूल्य भी बढ़ा है, जिससे उधारदाताओं को अपने ऋण वितरण को बढ़ाने में मदद मिल रही है। असुरक्षित ऋण जैसे विकल्पों से सीमित क्रेडिट उपलब्ध होने के कारण उधारकर्ता अन्य वित्तीय स्रोतों की ओर देख रहे हैं। मध्यम आकार की स्वर्ण-ऋण वाली एनबीएफसी बैंकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपने बाजार विस्तार में जुटी हैं।

### एलटीवी मानकों के सरलीकरण की उम्मीद

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि नियामकीय मोर्चे पर, एक अप्रैल से लागू होने वाले कम मूल्य वाले सोने-ऋण के लिए 'मूल्य पर देय कर्ज' (एलटीवी) मानकों के सरलीकरण से एनबीएफसी को उधार देने के लिए अतिरिक्त क्षमता मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सोने पर कर्ज देने वाली एनबीएफसी को जोखिम प्रबंधन और संचालन प्रक्रियाओं पर सख्त नियंत्रण बनाए रखना होगा।

# छह गीगाहट्र्ज बैंड में 500 मेगाहट्र्ज का स्पेक्ट्रम लाइसेंस से हुआ मुक्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने छह गीगाहट्र्ज बैंड की निचली फ्रीक्वेंसी रेंज में 500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस-मुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस कदम से देश में वाई-फाई सेवाओं को काफी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। यह अधिसूचना 16 मई, 2025 को जारी मसौदा गजट अधिसूचना में छह गीगाहट्र्ज बैंड वाली इस फ्रीक्वेंसी को लाइसेंस से मुक्त करने के इरादे की घोषणा के करीब छह महीने बाद जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक, 5925-6425 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी बैंड में कम-पावर इनडोर और बहुत कम पावर वाले आउटडोर वायरलेस एक्सेस सिस्टम शामिल) के संचालन के लिए किसी लाइसेंस या फ्रीक्वेंसी आवंटन की जरूरत नहीं होगी। यह उपयोग गैर-हस्तक्षेप, गैर-संरक्षण और साझा आधार पर किया जाएगा। अधिसूचना में 6425-6725 मेगाहट्र्ज और 6725-7125 मेगाहट्र्ज बैंड को छह गीगाहट्र्ज के ऊपरी हिस्से का अंग बताया गया है। राष्ट्रीय फ्रीक्वेंसी आवंटन योजना के तहत दूरसंचार विभाग ने इन ऊपरी फ्रीक्वेंसी को उन्नत मोबाइल सेवाओं के लिए चिन्हित किया है। एनएफएपी से विभिन्न प्रौद्योगिकियों के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन का आधार तय होता है। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों एप्पल, अमेजन, सिस्को, मेटा, एचपी और इंटेल कॉरपोरेशन ने संयुक्त रूप से मांग की है कि छह गीगाहट्र्ज बैंड में उपलब्ध पूरे 1,200 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम को वाई-फाई सेवाओं के लिए लाइसेंस-मुक्त किया जाए।

# रुपया तीन पैसे सुधरकर 91.62 प्रति डॉलर पर बंद

- रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार आया
- ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणी से बाजार की धारणा सुधरी

एजेंसी ⏭ मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से मामूली सुधार के साथ तीन पैसे बढ़कर 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सकारात्मक टिप्पणियों से भी बाजार धारणा में सुधार हुआ। ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के एक समझौते का ढांचा तय हो गया है और एक फरवरी से यूरोपीय देशों पर प्रस्तावित शुल्क को फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.54 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये ने 91.48 के उच्च स्तर और 91.68 के निचले स्तर को भी छुआ। लेकिन अंत में यह 91.62 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो इसके अब तक के सबसे निचले स्तर से तीन पैसे अधिक है। बुधवार को रुपया 68 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 91.65 पर बंद हुआ था।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**(लोककर्म विभाग) निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ मान्यता प्राप्त फर्म निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_476516_1<br>PRO NO 785<br>DATE -22/01/2026 | लाला लाजपतराय वार्ड-70 के अंतर्गत विभिन्न स्थलो पर सड़क निर्माण का कार्य। | 09 माह<br>25.52 लाख | 5000/-<br>19140/- | 25/02/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर



## कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी

**नगर पालिका चौराहा, एन.एच.- 7 मार्ग, जिला - सिवनी (म.प्र.) 480661**

Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301

क्रमांक / 5642 / ज. प्र./ न.पा.प. / 2026 — सिवनी दिनांक 22/01/2026

**// चतुर्थ बार - ई- निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी को जलप्रदाय शाखा हेतु पानी टेंकर क्रय किया जाना है । इस हेतु निम्नानुसार आनलाईन दरें (ItemRate) पर निविदा आमंत्रित की जाती है अधिक जानकारी शर्ते एवं टेंडर डाक्यूमेंट आनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदायें टेंडर की निर्धारित तिथि (की डेट) के अनुसार खोली जावेगी ।

| क्र. | टेण्डर क्रमाक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क एवं EMD | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_454068_3 | पानी टेंकर 4000 लीटर क्षमता के 05 नग प्रदाय | 15 दिवस<br>8,85,000 | 2000.00<br>9000.00 | 09/02/2026 |
| 2 | 2025_UAD_454070_3 | पानी टेंकर 4500 लीटर क्षमता के 05 नग प्रदाय | 15 दिवस<br>9,73,500 | 2000.00<br>10,000.00 | 09/02/2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी


# डाक विभाग राजस्व में 30 फीसदी की करेगा वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि डाक विभाग ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है। डाक विभाग की 2025-26 तीसरी तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि छह में से पांच क्षेत्रों के राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई जबकि अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अंतरराष्ट्रीय डाक का राजस्व स्थिर रहा। सिंधिया ने कहा, 2025-26 के लिए हमारा लक्ष्य 17,546 करोड़ रुपये है जिसका मतलब है ।


भारत सरकार / Government of India
वित्त मंत्रालय / Ministry of Finance
राजस्व विभाग / Department of Revenue

वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण की प्रधान पीठ और 31 राज्य पीठों में अस्थायी संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए केंद्र सरकार / सर्वोच्च न्यायालय या अधिकरणों के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान (7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स का ) |
|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त रजिस्ट्रार | 05 | लेवल 12 |
| 2 | उप-रजिस्ट्रार | 06 | लेवल 11 |
| 3 | प्रधान निजी सचिव | 10 | लेवल 11 |
| 4 | सहायक रजिस्ट्रार | 01 | लेवल 10 |
| 5 | कोर्ट अधिकारी | 14 | लेवल 08 |
| 6 | वरिष्ठ निजी सचिव | 16 | लेवल 08 |
| 7 | निजी सचिव | 23 | लेवल 07 |
| | कुल | 75* | |

रिक्तियां केवल सांकेतिक हैं और इस दौरान की जाने वाली नियुक्तियों के आधार पर कम हो सकती हैं।

सामान्य सूचना:
1. आवेदन करने की अधिकतम आयु 62 वर्ष है (आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार) ।
2. नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर होगी, जिसे पांच वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, संतोषजनक प्रदर्शन और संगठनात्मक आवश्यकताओं के अधीन बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है और बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्त नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने पर भी अनुबंध तत्काल समाप्त हो जाएगा।
3. व्यय विभाग के दिनांक 09.12.2020 के का. ज्ञा. और भारत सरकार के अन्य मौजूदा अनुदेशों के अनुसार पारिश्रमिक तय किया जाएगा।
4. पात्रता और अन्य नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी राजस्व विभाग की वेबसाइट https://gstn.org.in/gstat-sub-staff/ पर उपलब्ध है या इस विज्ञापन में दिए गए क्यू. आर. कोड को स्कैन करें।
5. आवेदन ऊपर दी गई वेबसाइट में दिए गए लिंक में ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। इसे 15.01.2026 से भी जमा किया जा सकता है। यह एक खुली रिक्ति परिपत्र है जब तक कि अपेक्षित पद भरे नहीं जाते।

CBC 15302/11/0001/2526

चिंतन

# ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में सिर्फ यूएस की ही चलेगी

दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' को शांति के एक नए वैश्विक मंच के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन इसके ढांचे, नेतृत्व और सदस्यता पर नज़र डालें तो यह पहल शांति से ज़्यादा सत्ता और प्रभुत्व की कहानी कहती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पहले से मौजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं के रहते एक नए मंच की आवश्यकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है, खासकर तब जब उसका स्वरूप लोकतांत्रिक कम और व्यक्तिगत नियंत्रण वाला अधिक प्रतीत हो। इस बोर्ड की सबसे असाधारण और विवादास्पद बात इसकी अध्यक्षता व्यवस्था है। डोनाल्ड ट्रंप इसके स्थायी अध्यक्ष होंगे, चाहे वे अमेरिका के राष्ट्रपति रहें या नहीं। अध्यक्ष को हटाने का प्रावधान भी लगभग प्रतीकात्मक है, क्योंकि यह तभी संभव है, जब वे स्वयं इस्तीफा दें या कार्यकारी बोर्ड के सभी सदस्य उन्हें अयोग्य घोषित करें। चूंकि कार्यकारी बोर्ड के अधिकांश सदस्य ट्रंप द्वारा ही चुने गए हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि वास्तविक शक्ति पूरी तरह उनके हाथ में केंद्रित रहेगी। बोर्ड की सदस्यता सूची भी इसी असंतुलन को उजागर करती है। आठ मुस्लिम देशों कतर, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बहरीन, बेलारूस, हंगरी, कजाकिस्तान, मोरक्को और वियतनाम जैसे देश भी इस पहल का हिस्सा बने हैं। ये सभी देश किसी न किसी रूप में अमेरिकी रणनीतिक प्रभाव के दायरे में आते हैं। इसके विपरीत चीन, रूस, जर्मनी, इटली और यूक्रेन जैसे प्रभावशाली देशों ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह तथ्य अपने आप में बोर्ड की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। भारत द्वारा इस बोर्ड पर कोई स्पष्ट फैसला न लेना भी बेहद महत्वपूर्ण है। भारत की चुप्पी को इस रूप में देखा जा सकता है कि वह इस बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। सुरक्षा परिषद भले ही वीटो पावर और राजनीतिक गतिरोधों के कारण आलोचना झेलती रही हो, लेकिन उसकी वैधता और वैश्विक प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इसके मुकाबले 'बोर्ड ऑफ पीस' न तो किसी अंतरराष्ट्रीय संधि पर आधारित है और न ही इसमें दुनिया की बड़ी ताकतों की भागीदारी है। इस बोर्ड की प्रभावशीलता पर एक और बड़ा सवाल यह है कि इसमें अमेरिका के अलावा कोई भी वीटो पावर देश शामिल नहीं है। ऐसे में यह बोर्ड वैश्विक संघर्षों को सुलझाने में कितना सक्षम होगा, यह संदेहास्पद है। जिन देशों को इसमें शामिल किया गया है, उनमें से कोई भी इतना राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य रूप से शक्तिशाली नहीं है कि वह अमेरिका की इच्छा के विरुद्ध प्रभावी भूमिका निभा सके। इससे यह आशंका और गहरी होती है कि यह मंच वास्तव में स्वतंत्र निर्णयों के बजाय अमेरिकी एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन बन जाएगा। इज़राइल की आपत्ति भी इस पहल की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। इज़राइल ने कहा है कि बोर्ड के गठन से जुड़ी शुरुआती बातचीत में उसे शामिल नहीं किया गया। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शांति की कोई भी पहल इज़राइल की भागीदारी के बिना अधूरी मानी जाएगी। अब आने वाला समय ही बताएगा कि यह बोर्ड वास्तव में वैश्विक शांति में कोई सार्थक योगदान देता है या फिर यह इतिहास में एक ऐसे प्रयास के रूप में दर्ज होगा, जिसमें दुनिया की नहीं, बल्कि अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप की ही चलेगी।

आर्थिकी
सतीश सिंह



# बैंकिंग क्षेत्र को बजट से बंधी हैं कई उम्मीदें

अन्य क्षेत्रों की तरह, बैंकिंग क्षेत्र भी चाहता है कि बजट में ऐसे प्रावधान किए जाएं जो इसे मजबूत बना सकें। डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में बैंकों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अब डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के विकसित होने से, बैंकिंग लेनदेन मोबाइल पर हो रहा है। आप अब खाता खोलना, बंद करना, पैसे ट्रांसफर करना, नकद जमा या निकासी जैसे काम बिना शाखा जाए कर सकते हैं। इस कारण से, बैंकों ने लंबे समय से 5-दिवसीय कार्यालय अवधि की मांग की है, जिसे लागू करना कोई बाधा नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बीमा निगम, अन्य बीमा कंपनियां, स्टॉक एक्सचेंज और विदेशी बैंक पहले ही इसे अपना चुके हैं। इसलिए, बैंककर्मियों को उम्मीद है कि 2026 के बजट में इसका उल्लेख किया जाएगा। बीते महीनों में, सरकार ने बैंक कर्मचारियों के भत्तों और अन्य सुविधाओं पर कर लगा दिया है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ मनोबल भी कम कर रहा है। इस स्थिति में तुरंत राहत की जरूरत है।

वर्तमान में, बैंक सस्ती पूंजी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसलिए, सरकार को बजट में ऐसे प्रावधानों को अमलीजामा पहनाने की पहल करनी चाहिए, जिससे बैंकों के जमा आधार में उल्लेखनीय वृद्धि हो। फिलहाल, कर्ज की मांग तेज है, लेकिन जमा में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक एक तरफ रेपो दर में कटौती कर रहा है तो दूसरी तरफ ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) के जरिए बैंकिंग प्रणाली में नकदी की मात्रा को बढ़ा रहा है। जमा की कमी के स्थायी समाधान के लिए बैंकों के परंपरागत निवेशकों को पुनः बैंकों में निवेश करना जरूरी है। इसके लिए सरकार को बैंक जमा पर विशेष टैक्स प्रोत्साहन देना चाहिए और बैंक जमा पर लगने वाले मौजूदा टैक्स को पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए। निष्क्रिय और डॉर्मेंट खातों के नियमों को और सख्त बनाने और पारदर्शिता लाने की जरूरत है, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं को कम किया जा सके और पैसे के वास्तविक मालिक को अपना धन प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था का इंजन कहा जाता है और इस क्षेत्र को मजबूत बनाने में बैंकों का अहम योगदान रहा है। इसलिए, यह जरूरी है कि सरकार बजट में ऐसे प्रावधान करे, जो इस क्षेत्र को और सशक्त बना सकें। यदि सरकार बजट में सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान बनाती है और जीएसटी सहित अन्य करों को सरल बनाती है, तो इस क्षेत्र का विकास और तेज होगा। डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ने, ऑनलाइन भुगतान सुविधा में सुधार, यूपीआई से नकदी प्रवाह का ट्रैक आसान बनना, और डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता बढ़ने के कारण एमएसएमई क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। फिर भी, इसके विकास के लिए बजट में ऐसे प्रावधान जरूरी हैं, जिनसे बैंक इस सेक्टर को और मजबूत बना सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए निवेश में वृद्धि आवश्यक है ताकि देश के दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएँ पहुंचें और विकास की गति तेज हो सके। वर्तमान में, बैंकों को केवल वित्तीय सहायता देना ही पर्याप्त नहीं है; उनका मजबूत और प्रतिस्पर्धी बनना भी जरूरी है। छोटे बैंकों का विलय कर बड़े बैंकों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाना चाहिए ताकि वे पारदर्शी तरीके से पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर सकें। इस दिशा में नवाचार और तकनीक जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल बैंकिंग का प्रयोग भी अवश्य बढ़ाना चाहिए। साथ ही, कर सिस्टम में मजबूत सुधार करके विदेशी और व्यक्तिगत पूंजी निवेश को आकर्षित किया जाना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों का इस्तेमाल कर ऋण प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाया जाना चाहिए।

हरित परियोजनाओं और आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाने के लिए उचित नीतियां बनानी चाहिए और इन क्षेत्रों में बजट संबंधी ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि 1 फरवरी 2026 को पेश किए जाने वाले यूनियन बजट में डिजिटल नवाचार, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई ऋण, सरकारी बैंकों के गवर्नेंस में सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और मजबूत क्रेडिट गारंटी योजनाओं जैसे प्रावधानों को लागू कर बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि बजट में 5 दिवसीय कार्यशैली को बैंकिंग सेक्टर में लागू करने और बैंक कर्मचारियों के भत्तों एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं पर लगने वाले कर में छूट की घोषणा की जाती है, तो निश्चित रूप से बैंकों के प्रदर्शन और मुनाफे में और वृद्धि होगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शाश्वत ऊर्जा और शौर्य का महोत्सव



वसंत पंचमी
डॉ. बलवीर आचार्य

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसन्त ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। वास्तव में वसन्त ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी का पर्व भारतीय सांस्कृतिक चेतना में उस संक्रमण बिन्दु का प्रतीक है, जहां जड़ता से चेतना की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा अज्ञान से ज्ञान की ओर यात्रा प्रारम्भ होती है। यह पर्व प्रकृति के श्रृंगार, विद्या के शुभारम्भ, कलाओं के विकास, शौर्य, धैर्य और बलिदान की प्रेरणा का ऐसा संगम है, जो मानव मात्र को प्रेरित करता है कि वह ज्ञान-विज्ञान का विकास करता हुआ राष्ट्रभक्ति के भावों से ओत-प्रोत रहे।

भारतीय परम्परा में 'काल' को केवल समय की इकाई नहीं, अपितु एक दिव्य चेतना माना गया है। इस काल-प्रवाह में 'वसन्त' वह सन्धिकाल है, जहां प्रकृति अपनी जड़ता का त्याग कर पूर्ण चैतन्य में अंगड़ाई लेती है। वसंत ऋतु का महत्व केवल इसके नैसर्गिक सौन्दर्य तक सीमित नहीं है, अपितु यह वेद, विज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का एक अपूर्व समन्वय है। यह वह ऋतु है जिसे स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपनी विभूति स्वीकार करते हुए कहा है कि- 'मैं, ऋतुओं में वसंत हूं।' वैदिक काल-गणना के अनुसार, यह 'प्राण' की पुनरावृत्ति का समय है। इसीलिए समस्त शुभ कार्यों और बड़े अनुष्ठानों का आरम्भ वसंत से करने का विधान है। संगीत और वीणा 'नाद ब्रह्म' के रहस्य को प्रकट कर रहे हैं। भारतीय मनीषा मानती है कि यह ब्रह्माण्ड ध्वनि से निर्मित है। वसंत पंचमी इसी 'नाद' की पूजा है। वैदिक युग की गम्भीरता जब लौकिक संस्कृत साहित्य में अवतरित हुई, तो वसन्त, रस और सौन्दर्य के उन्मेष के साथ 'ऋतुराज' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। महाकवि कालिदास ने 'ऋतुसंहार-6.2' में वसंत का मानवीकरण करते हुए लिखा कि- वसंत ऋतु में प्रकृति का कण-कण सुन्दरता की गोद में समाया हुआ है। वृक्ष पुष्प-पुंजों से पुष्पित हो रहे हैं, सरोवरों में कमल अपनी पूर्ण आभा के साथ खिल रहे हैं, समीर सुगंध से सुवासित है और अहोरात्र अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। प्राचीन भारत में वसन्तोत्सव और 'कौमुदी महोत्सव' सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक थे। इसके प्रमाण हमें संस्कृत के प्रसिद्ध नाटकों में मिलते हैं। सातवीं शताब्दी के सम्राट् हर्षवर्द्धन ने अपनी नाटिका 'रत्नावली' के प्रथम अंक में वसन्तोत्सव का सजीव वर्णन किया है- लोग केसर और कुमकुम के घोल से सराबोर होकर गलियों में नृत्य कर रहे हैं। यह इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है कि वसंत के समय समाज में ऊंच-नीच का भेद समाप्त हो जाता था और राजा-प्रजा साथ मिलकर उत्सव मनाते थे। विशाखदत्त के नाटक 'मुद्राराक्षस' में चन्द्रगुप्त मौर्य के समय कौमुदी महोत्सव के आयोजन का उल्लेख है। यद्यपि चाणक्य ने कूटनीतिक कारणों से इसे रोकने का आदेश दिया था, किन्तु यह सन्दर्भ स्पष्ट करता है कि मगध की जनता के लिए यह वर्ष का सबसे बड़ा उत्सव था, जिसमें पूर्ण चन्द्र की आभा में नगर को अलंकृत किया जाता था।

परम्परागत भारतीय समाज में बच्चों का विद्यारम्भ, अक्षर लेखन, गुरुकुल प्रवेश, वसंत पंचमी से प्रारम्भ होता था। भारत में इस पर्व के विविध रंग देखने को मिलते हैं। बंगाल में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन होता है। पण्डालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और छोटे बच्चों को 'हाते खोड़ी' कराया जाता है



अर्थात पहली बार अक्षर लिखना सिखाया जाता है। मथुरा और वृन्दावन के ब्रज क्षेत्र में इस दिन होली का औपचारिक आरम्भ माना जाता है। मन्दिरों में भगवान की प्रतिमाओं को गुलाल अर्पित किया जाता है। प्रयागराज और वाराणसी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है। आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि दक्षिण भारत के प्रान्तों में वसंत पंचमी पर्व को श्रीपंचमी कहा जाता है और इस पर्व को 'विद्यारम्भ' के रूप में मनाते हैं। बच्चों को चावल के दानों पर अंगुली से अक्षर लिखवाकर शिक्षा की शुरूआत कराई जाती है। वसंत केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, अपितु एक खगोलीय घटना है जो सम्पूर्ण पृथ्वी को प्रभावित करती है। खगोलीय रूप से जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर होता है, तब दिन और रात की अवधि समान हो जाती है। इसे वेदों में 'विषुवत' कहा गया है। यह वैश्विक संतुलन का समय है। सूर्य के बढ़ते प्रकाश के कारण मनुष्यों में 'सेरोटोनिन' (प्रसन्नता का हार्मोन) का स्तर बढ़ता है और 'मेलाटोनिन' सन्तुलित होता है। यह प्राकृतिक रूप से अवसाद को समाप्त कर जीवनी शक्ति का संचार करता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है कि वसंत ऋतु में मानसिक अवसाद सबसे कम होता है। महर्षि चरक और सुश्रुत ने वसंत को स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर के शोधन कालमाना है। सर्दियों में शरीर में संचित 'कफ', वसंत की सूर्य-ऊष्मा से पिघलने लगता है। आधुनिक विज्ञान इसे 'लिम्फैटिक सिस्टम' की सफाई के रूप में देखता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह कफ यदि शोधित न हो, तो रोगों का जन्म देता है। इसीलिए आयुर्वेद में इस ऋतु में 'वमन' और नीम, शहद, जौ तथा चने जैसे कफ-नाशक पदार्थों के सेवन का वैज्ञानिक निर्देश है।


मुग़ल आधिपत्य के दौरान जब भारतीय त्योहार फीके पड़ रहे थे, तब शिवाजी महाराज ने वसन्तोत्सव और होली (शिमगा) जैसे उत्सवों को पुनः सार्वजनिक रूप से मनाना प्रारम्भ किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि 'मराठा' साम्राज्य में वसंत केवल फूलों का नहीं, अपितु शस्त्रों की पूजा (शस्त्र-पूजन) और आत्मविश्वास का पर्व बने। शिवाजी महाराज का 'भगवा ध्वज' साक्षात वसंत की अग्नि और त्याग का प्रतिनिधित्व करता है। उनके लिए यह रंग केवल एक ध्वज नहीं, अपितु उस 'ऋत' (शाश्वत नियम) का पालन था, जिसका वर्णन वेदों में वसंत के सन्दर्भ में मिलता है। पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह का प्रिय गीत है- "मेरा रंग दे बसन्ती चोला, माए रंग दे बसन्ती चोला" यहां 'बसन्ती' रंग सौन्दर्य का नहीं, अपितु बलिदान की उस अग्नि का प्रतीक है जो राष्ट्र को स्वतन्त्र करने के लिए प्रज्वलित हुई थी। वसंत ऋतु भारत की अखण्ड चेतना का दर्पण है। यह वेदों की ऋचाओं में 'पवित्रता' है, कालिदास के काव्यों में 'श्रृंगार' है, आयुर्वेद के ग्रन्थों में 'स्वास्थ्य' है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, वीर बालक हकीकत राय और रामप्रसाद बिस्मिल, सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों के रक्त में 'बलिदान' है।

यह ऋतु हमें सिखाती है कि सृजन के लिए पहले पुराने को छोड़ना पड़ता है और देश की रक्षा के लिए वसंत को 'केसरिया' के रंग में रंगना पड़ता है। वसंत का यह पंचमुखी रूप - वैदिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्यपरक और ऐतिहासिक, ही इसे विश्व की सभी ऋतुओं में 'राज' की पदवी प्रदान करता है- वसन्तराज। वास्तव में वसंत ऋतु भारत की वह 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' है जो हमें सिखाती है कि यदि जीवन में शान्ति और सौन्दर्य चाहिए तो उसके लिए शस्त्र और शास्त्र, भक्ति और शक्ति तथा प्रेम और बलिदान का समन्वय अनिवार्य है। यह ऋतु हमें आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा के प्रति सजग रहने का सन्देश देती है।

(लेखक एमडीयू रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## शक्तिशाली मन ही सबका सच्चा साथी



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का मन अनेक शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? संसार में सर्वाधिक प्राथमिक आवश्यकता है- शक्ति की। शारीरिक शक्ति के लिए भी मन की शक्ति का होना जरूरी है। मन का बल टूटते ही शरीर का बल टूट जाता है। मन मजबूत होता है, तो शरीर भी साथ देता है। मन दुर्बल हुआ, तो शारीरिक शक्तियां भी क्षीण होने लग जाती हैं। शक्ति का संचय और सुरक्षा का उपाय है, तनाव से बचना। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण करता है।शक्ति का सबसे बड़ा रहस्य है, शरीर और मन दोनों का एक साथ रहना। जिसने दूसरों को जीता और अपने आपको नहीं जीता, वह दुर्बल है। मन और इच्छाओं को जीतना बहुत बड़ी लड़ाई है। प्रत्येक व्यक्ति का मन इन शक्तियों को संजोए हुए है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं हैं। उसमें असीम शक्तियां हैं। यदि हम मन की शक्तियों से परिचित हो जाएं, उन्हें विकसित कर लें, तो क्या नहीं हो सकता? आवश्यकता है मन को पटु, कुशल और सहिष्णु बनाने की। उसे इस तरह प्रशिक्षित करने की, जिससे कि हम शारीरिक और मानसिक शक्तियों का संतुलन बनाए रख सकें। कहा भी गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' मन किसी भी अप्रिय घटना से ऐसा तड़प जाता है, जैसे चारों ओर से लाल चींटियों द्वारा डसा जाता घायल सर्प तड़पता है। बदला और प्रतिशोध तो चंचल मन की क्षुद्र कल्पनाएं हैं। प्रतिशोध से भरा मन यदि अवरुद्ध भावनाओं की खदबदाती दलदल है, तो प्रेम से भरा मन का हिमालय, गंगा के हिमालय पर्वत से भी ऊंचा है। मन की ऊंचाई के आगे हिमालय भी बौना है, इसलिए मन सुदृढ़ और प्रशिक्षित अश्व की भांति होना चाहिए।

## अपने लिए कठोर और दूसरों के लिए द्रवित रहो



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज अपनी बातों से कई लोगों को सही राह दिखाते हैं। अपने प्रवचन के दौरान वह कई ऐसी बातें कहते हैं जिसका पालन अगर कर लिया जाए तो जिंदगी की आधी से ज्यादा मुश्किलें खत्म हो सकती हैं। अपने एकांतित वार्तालाप के दौरान वह कई लोगों के सवालों का जवाब देते हैं। हाल ही में एक बच्चे ने उनसे एक दिल छू लेने वाला सवाल किया। बच्चे ने पूछा कि हमें कब-कब कठोर होना चाहिए? इस पर प्रेमानंद महाराज ने बड़े ही सरलता से अपनी बात रखी। प्रेमानंद महाराज ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जगह-जगह पर अवसर पर किया जाता है। जिससे हमें लगे कि गलत है तो हम उसे कठोर करते हैं। कठोर हृदय से हम उसे सहते हैं। अब जहां हमारी कोई निंदा कर रहा है तो हम हमारे हृदय को कठोर कर लेते हैं। स्वभाव के कठोरता में सबकी कठोरता आ जाती है। स्वभाव में ही सब कुछ होता है। हृदय, वाणी, देखना और बोलना, उठना और बैठना सब आ जाएगा। जहां किसी को कष्ट हो रहा है, वहां हम द्रवित हो जाते हैं। जहां हमें कष्ट हो रहा है, वहां हम कठोर हो जाते हैं। हमारी कोई निंदा करें, उसे हम सह लेते हैं, लेकिन हम किसी की निंदा कभी नहीं कर सकते हैं। हमें कोई दुख दें। हम उसे कठोर भाव से सह लेंगे, लेकिन हम किसी को कठोर भाव से दुख दें, ऐसा कभी भी नहीं हो सकता है। प्रेमानंद महराज ने आगे कहा कि अपने लिए कठोर रहो और दूसरों के लिए द्रवित रहो। दूसरों के लिए कठोर और अपने लिए द्रवित ये तो स्वार्थी लोगों का लक्षण है। परमार्तिक लक्षण है कि अपने लिए कठोर रहो। दूसरे को सर्दी लग रही है तो अपनी जैकेट उतार के दे दिया। अपने खुद सर्दी सह लेते हैं लेकिन दूसरे को नहीं नहीं हम उसके ठंड में कांपते हुए नहीं देख सकते हैं। ये है कठोरता। अपने लिए कठोर रहो लेकिन दूसरों के लिए मृदुता।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *–विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक संवेदनाएं




डोडा में हुए दुखद सड़क हादसे से मैं बेहद दुखी हूं, जिसमें भारतीय सेना के 10 बहादुर जवान शहीद हो गए। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जवानों को सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस कठिन समय में पूरा देश हमारे सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 'आप' के सीएम



मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि इनके मुख्यमंत्री अपने परिवार के साथ स्विट्ज़रलैंड घूमने में व्यस्त हैं। एक तरफ़ ये छुट्टियां मना रहे हैं, दूसरी तरफ़ 'आप' के सीएम जनता के हेल्थ कार्ड बना रहे हैं।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### काम का अधिकार



मोदी सरकार मनरेगा को ख़त्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। हमें मनरेगा और काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### औपनिवेशिक अत्याचार



ट्रम्प द्वारा ग्रीनलैंड पर संभावित कब्जे की नैतिकता पर बहस करते समय, अफ्रीका में यूरोपीय लोगों द्वारा किए गए औपनिवेशिक अत्याचारों पर विचार करना उचित है। डेनमार्क ने स्वयं अफ्रीका से लगभग पांच लाख गुलामों को अमेरिका भेजा था।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


### देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क पांच लाख सर्किट किमी के पार



देश का विद्युत पारेषण नेटवर्क 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक क्षमता वाली लाइन के साथ पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर गया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही देश की कुल 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता 1,407 गीगावोल्ट एम्पियर तक पहुंच गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली पारेषण के लिए भादला-दो से सीकर-दो सब-स्टेशन तक 765 किलोवॉट की 628 सर्किट किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन का संचालन शुरू करने के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ग्रिड ने यह उपलब्धि 14 जनवरी को हासिल की। इस लाइन के चालू होने से भादला, रामगढ़ और फतेहगढ़ सौर ऊर्जा परिसर के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से अतिरिक्त 1,100 मेगावाट बिजली पारेषण संभव हो सकेगा। मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2014 से अब तक देश के पारेषण नेटवर्क में 71.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2.09 लाख सर्किट किलोमीटर नई पारेषण लाइन जोड़ी गईं जबकि 'ट्रांसफॉर्मर' क्षमता में 876 गीगावोल्ट एम्पियर की बढ़ोतरी हुई। अंतर-क्षेत्रीय बिजली अंतरण क्षमता अब 1,20,340 मेगावाट तक पहुंच गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों के बीच निर्बाध बिजली आपूर्ति को संभव हुई है।

## ऑफ बीट

### बेंगलुरु बना दूसरा सबसे अधिक यातायात वाला शहर



भारत का सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु वर्ष 2025 में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक यातायात भीड़भाड़ वाला शहर रहा, जहां औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 74.4 प्रतिशत रहा। यह जानकारी नीदरलैंड स्थित 'लोकेशन टेक्नोलॉजी' कंपनी 'टॉमटॉम' के आंकड़ों से मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'टॉमटॉम' के वर्ष 2025 से संबंधित 'ट्रैफिक इंडेक्स' में मैक्सिको सिटी को शीर्ष स्थान पर रखा गया है, उसके बाद बेंगलुरु और डबलिन (आयरलैंड) का स्थान है। यह सूचकांक दुनिया भर के शहरों का मूल्यांकन औसत यात्रा समय और यातायात भीड़भाड़ के स्तर के आधार पर करता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाला, सार्वजनिक रूप से सुलभ डेटा उपलब्ध होता है। बेंगलुरु में पिछले वर्ष की तुलना में औसत यातायात भीड़भाड़ का स्तर 1.7 प्रतिशत अंक बढ़ गया। चालकों ने औसतन 4.2 किलोमीटर की दूरी 15 मिनट में तय की, जबकि 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में औसतन 36 मिनट और नौ सेकंड का समय लगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान गाड़ियों की औसत गति घटकर 13.9 किमी प्रति घंटा हो गई। इसके अलावा, रिपोर्ट में 17 मई को शहर का सबसे खराब यात्रा दिवस बताया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### विंध्य एकता परिषद के पाठक बने अध्यक्ष बघेल महासचिव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विंध्य एकता परिषद की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा 25 दिसंबर 2025 को लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया था। रजिस्ट्रीकरण नियम 1973 के अनुसार, इस प्रस्ताव के आधार पर नई कार्यकारिणी को मान्यता दी गई है। नई कार्यकारिणी में शैलेंद्र पाठक को अध्यक्ष और आरके सिंह बघेल को महासचिव नियुक्त किया गया है। महेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद उपाध्याय सचिव, और राजेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। अन्य पदाधिकारियों में प्रभाकर मिश्रा उपकोषाध्यक्ष, अशोक सेन संगठन सचिव और राजकुमार उपाध्याय सांस्कृतिक सचिव शामिल हैं। प्रेम नाथ कुशवाहा, रोहित तिवारी, रावेंद्र पटेल, आरजे जायसवाल और राम निवास वर्मा को सदस्य बनाया गया है। यह कार्यकारिणी अगले तीन वर्षों के लिए वैध रहेगी।

### स्पेल बी ने बच्चों को दिया आत्मविश्वास, अविक बने 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया'

**इंदौर।** आज के दौर में बच्चों के लिए सिर्फ किताबें पढ़ना ही नहीं, बल्कि सही तरीके से अपनी बात कहना और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना भी उतना ही जरूरी हो गया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीज़न 15 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और रोमांच से भरे फिनाले के बाद मुंबई के पवई स्थित बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल के 11 वर्षीय अविक अग्रवाल ने देशभर के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का खिताब अपने नाम किया।

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 दावोस में हुई वन-टू-वन बातचीत

# सीएम डॉ. मोहन, मालदीव के मंत्री सईद के बीच पर्यटन एवं बहु क्षेत्रीय सहयोग पर बनी सहमति

**चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के अवसर पर दावोस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद से वन-टू-वन चर्चा की। बैठक में पर्यटन को साझा आधार बनाते हुए चिकित्सा, शिक्षा, वन्य जीव संरक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार किया। दावोस में आयोजित इस द्विपक्षीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र और मालदीव के बीच कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ परस्पर पूरक क्षमताओं के आधार पर दीर्घकालिक साझेदारी विकसित की जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से चिकित्सा पर्यटन, मत्स्य पालन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, वन्य जीव संरक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों को सहयोग के प्रमुख आयाम बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की समृद्ध जैव-विविधता, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वन्य जीव अभयारण्य, तेजी से उभरता मेडिकल इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और सांस्कृतिक विरासत राज्य को वैश्विक सहयोग के लिए सक्षम भागीदार बनाते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि पर्यटन आधारित सहयोग से निवेश, कौशल विकास और लोगों के बीच संपर्क को मजबूती मिलेगी।

मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक



मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री सईद से भेंट करते सीएम डॉ. मोहन।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल**


मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने पर्यटन को दोनों क्षेत्रों के बीच स्वाभाविक और सशक्त सेतु बताया। उन्होंने कहा कि मालदीव, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पर्यटन, मानव संसाधन विकास और अनुभव साझा करने के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी संवाद को संस्थागत रूप देने, प्रतिनिधिमंडल स्तर के दौरों को प्रोत्साहित करने और सहयोग के ठोस रोडमैप पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच पर हुई यह बातचीत अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

**सहयोग के विभिन्न आयामों पर हुआ विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श**

# एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस में एनवीआईडीआईए की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में यह बात कही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया।



उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड से चर्चा करते सीएम।

**बैठक में दी गई मप्र के बारे में यह जानकारी**

बैठक में बताया कि मध्यप्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएं और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है।

**पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही एनवीआईडीआईए**

कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि एनवीआईडीआईए संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पांच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख भी किया।

# राज्यपाल भोपाल, सीएम उज्जैन ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस पर राजधानी और जिला मुख्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्य शासन ने मुख्य अतिथि तय कर दिए हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भोपाल के लाल परेड में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में तिरंगे की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए हैं। मंत्रियों को प्रभार के जिलों में कार्यक्रम का अतिथि बनाया है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सागर और जगदीश देवड़ा इंदौर के मुख्य अतिथि बनाए हैं। इंदौर अभी किसी मंत्री के पास प्रभार में नहीं है। जिन जिलों में कलेक्टर मुख्य अतिथि होंगे, उनमें देवास, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, मुरैना, मंदसौर, श्योपुर, भिंड, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, नरसिंहपुर, बालाघाट, पांढुर्णा शामिल है।

**कौन-कहां फहराएंगे ध्वज**

| नाम | जिला |
|---|---|
| राजेंद्र शुक्ल | सागर |
| कुंवर विजय शाह | रतलाम |
| प्रह्लाद सिंह पटेल | रीवा |
| राकेश सिंह मंत्री | छिंदवाड़ा |
| करण सिंह वर्मा | सिवनी |
| उदय प्रताप सिंह | कटनी |
| संपतिया उइके | जबलपुर |
| तुलसीराम सिलावट | बुरहानपुर |
| एदल सिंह कंसाना | दतिया |
| निर्मला भूरिया | नीमच |
| गोविंद सिंह राजपूत | गुना |
| विश्वास सारंग | खरगोन |
| नारायण सिंह कुशवाह | शाजापुर |
| नागर सिंह चौहान | आगर-मालवा |
| प्रद्युम्न सिंह तोमर | शिवपुरी |
| राकेश शुक्ला | अशोकनगर |
| चैतन्य काश्यप | राजगढ़ |
| इंदर सिंह परमार | दमोह |
| कृष्णा गौर | सीहोर |
| धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी | खंडवा |
| दिलीप जायसवाल | मंडला |
| गौतम टेटवाल | बड़वानी |
| लखन सिंह पटेल | विदिशा |
| नारायण सिंह पंवार | रायसेन |
| नरेंद्र शिवाजी पटेल | नर्मदापुरम |
| प्रतिमा बागरी | डिंडौरी |
| दिलीप अहिरवार | अनूपपुर |
| राधा सिंह | मैहर |

### इंतजामों को लेकर संभाग कमिश्नर ने ली बैठक

# 24 को होगी फुल ड्रेस रिहर्सल बच्चे पेश करेंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने लाल परेड ग्राउंड पर बैठक रखी, जिसमें 24 जनवरी को रखी गई फुल ड्रेस रिहर्सल के पहले तैयारियां पूरी करने की हिदायत दी गई।

कमिश्नर ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम भी पेश किए जाने हैं, जिसको लेकर सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर दिए जाएं।



उन्होंने झांकियों के निर्माण की जानकारी लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षा और संस्कृति विभाग को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तुति समय में की जाएं।

### मेयर की नेम प्लेट पर कालिख पोती

# स्लॉटर मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने किया महापौर के बंगले का घेराव



गोकशी के विरोध में की नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्लॉटर हाउस मामले को लेकर बुधवार को हिंदू संगठनों ने महापौर मालती राय के बंगले पर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नेम प्लेट पर कालिख पोत दी और बैनर-पोस्टर फाड़ दिए। महापौर इस्तीफा दो के नारे लगाए। वे जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बंगले के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान महापौर मालती राय की नेम प्लेट और होर्डिंग्स पर लगी फोटो पर स्याही पोत दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह प्रतीकात्मक विरोध है जो नगर निगम की भूमिका और स्लॉटर हाउस में कथित गोकशी के मामलों पर कार्रवाई न होने के खिलाफ किया गया है।

***कार्रवाई होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन***

*महापौर बंगले के सामने प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने महापौर मालती राय से इस्तीफा मांगा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बंगले की दीवारों पर महापौर इस्तीफा दो लिख दिया। बंगले के बाहर लगे होर्डिंग्स पर स्याही पोत दी और दाढ़ी बना दी।*

### स्लॉटर हाउस निरीक्षण करने पहुंचे कांग्रेसी

# मेन गेट सील, पीछे का दरवाजा खुला मिला, कहा- निष्पक्ष जांच की जाएं



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिंसी स्थित स्लॉटर हाउस का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पाया कि एक ओर सामने का मेन गेट सील दर्शाया गया था तो वहीं दूसरी ओर पीछे का दरवाजा खुला हुआ मिला, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिला कि प्रशासन को गुमराह करते हुए पीछे के रास्ते से अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

कांग्रेस महासचिव अमित शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के समय मौके पर स्लॉटर हाउस संचालक असलम चमड़ा के निजी वाहन तथा नगर निगम के वाहन भी बाहर खड़े पाए गए। साथ ही यह भी जानकारी सामने आई कि निरीक्षण की सूचना मिलते ही महत्वपूर्ण फाइलों, दस्तावेज़ों एवं सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था, जो पूरे मामले को और अधिक गंभीर बनाता है।

कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के हस्तक्षेप के बाद पूरा स्लॉटर हाउस तत्काल प्रभाव से पूरी तरह सीलबंद करवाया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि आगे न हो सके और साक्ष्यों से छेड़छाड़ न की जा सके। कांग्रेस पार्टी ने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक लापरवाही और संभावित मिली भगत का परिणाम बताते हुए निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की घटना

# इस्पात संयंत्र में विस्फोट, 6 की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में इस्पात संयंत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। क्लीनिकल फर्नेस के दौरान ब्लास्ट होने से छह मजदूरों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना भाटापारा ग्रामीण थाने क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित प्लांट की है। घायलों को सबसे पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया। फिर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी मच गई।ूचना पर पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लगी है।

हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि तकनीकी सिस्टम फेल होने और भारी दबाव से यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना पर बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी समेत पुलिस बल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच घायल हुए हैं। जिला कलेक्टर सोनी ने बताया कि यह घटना भाटापारा ग्रामीण इलाके के बकुलाही गांव में रियल इस्पात एंड पावर लिमिटेड में हुई।

**यूनिट के डस्ट चैंबर में हुआ धमाका**



*शुरुआती जानकारी के मुताबिक, धमाका यूनिट के डस्ट सेटलिंग चैंबर में हुआ और गर्म धूल मजदूरों पर गिर गई, जिससे वे बुरी तरह जल गए। उन्होंने बताया कि छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कलेक्टर ने बताया कि पांच घायल मजदूरों को बिलासपुर के छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि उन्होंने कलेक्टर से बात की है और उन्हें घायलों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है। जायसवाल ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना की।*

**त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश**

*स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की गहन जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतृप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।*

### इंद्रावती नदी के झिल्ली घाट की घटना

# अनियंत्रित नाव पलटी, मां-बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के भैरमगढ़ तहसील क्षेत्र में इंद्रावती नदी के झिल्ली घाट पर बुधवार शाम एक दुखद हादसा हुआ। नदी पार करते समय एक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस घटना में छह लोग सवार थे, जिनमें से दो को स्थानीय ग्रामीणों ने सुरक्षित बचा लिया, लेकिन चार लोग नदी के तेज बहाव में बह गए। गुरुवार सुबह तक दो लापता लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

**छह में से दो को ग्रामीणों ने बचाया**



ग्राम बोड़गा के ग्रामीण गुरुवार को उसपरी बाजार जाने के लिए इंद्रावती नदी पार कर रहे थे। शाम को बाजार से लौटते समय झिल्ली घाट के पास नाव में असंतुलन के कारण हादसा हुआ। नाव पलटने के बाद छह में से दो लोगों को बचा लिया गया, जबकि चार लोग नदी में बह गए। तहसीलदार सूर्यकांत धरत के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे घटना स्थल से लगभग 400 मीटर दूर नदी से मां पोदिया वेक्को और उसके एक वर्षीय पुत्र राकेश के शव बरामद हुए। महिला पोदिया के ससुर भादू वेक्को और सुनीता कोवासी अभी भी लापता हैं। उनकी तलाश के लिए नगर सेना की टीम द्वारा लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

***प्रशासन ने की सतर्कता बरतने की अपील***

*इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रशासन ने नदी पार करते समय विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने भी नदी के तेज बहाव को देखते हुए सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया है। लापता लोगों की तलाश जारी है और प्रशासन ने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। यह घटना नदी पार करने के दौरान सुरक्षा के प्रति बरती जाने वाली लापरवाही पर प्रकाश डालती है।*

### भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक

**सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी**

# भूमि अर्जन में किसानों या संबंधित को न्यायसंगत मुआवजा मिले, इसलिए सुझाव किए आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार विकास के साथ उन किसानों एवं आम नागरिकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाए, जिनकी भूमि विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भूमि अर्जन की प्रक्रिया ऐसी हो कि प्रभावित परिवारों को उचित, न्यायसंगत और बेहतर मुआवजा प्राप्त हो सके। मंत्री सिंह ने मंत्रालय में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण समिति की बैठक में यह बात कही।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप उपस्थित थे। इसी क्रम में बुधवार को मंत्रालय में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। इसके बाद तीनों मंत्रियों ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। इसके लिए psrev-enue<\@>mp.gov.in ई-मेल आईडी भी जारी की गई है, जिस पर कोई भी नागरिक अपने सुझाव भेज सकता है। प्राप्त सुझावों का व्यवहारिक एवं तथ्यात्मक अध्ययन किया जाएगा, जिसके पश्चात समिति आगे की आवश्यक कार्रवाई करेगी।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री सिंह।

**विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता जरूरीः सिंह**

मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास, अधोसंरचना निर्माण और अन्य विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यह भूमि शासकीय भी हो सकती है और निजी भी। भूमि अर्जन के दौरान अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में मुआवजा राशि की गणना में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण के लिए मंत्री समिति का गठन किया गया है।

### दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त, मृतकों की शिनाख्त जारी

# दो भारी ट्रकों की आमने-सामने से भिड़ंत, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम रतेसरा के पास नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार की सुबह करीब तीन बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें तेज रफ्तार में आ रहे दो भारी ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे ट्रक सवार कुल तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतकों की शिनाख्त करने में लगी है। हादसे के बाद नेशनल हाईवे-30 पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग और चारामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। पुलिस की ओर से जेसीबी एवं अन्य भारी मशीनों की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि यातायात बहाल किया जा सके। बता दें कि दो दिन पूर्व भी इसी जगह पर एक युवक की कार की चपेट में आने से मौत हुई थी, जिससे इस क्षेत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



# अज्ञात चोर ने चुराए डेढ़ लाख छह महंगे मोबाइल भी ले गए

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये नगदी और छह कीमती मोबाइल फोन चुरा लिए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के बाईरदादर मार्ग पर स्थित साहा सेलकॉल मोबाइल दुकान में हुई। सीसीटीवी के अनुसार एक अज्ञात चोर शटर तोड़कर दुकान में घुसा। उसने दुकान के गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख की नगदी और दान पेटी में रखे 20-30 हजार रुपये तथा छह महंगे मोबाइल फोन भी ले गया। सुबह जब पास की दुकान का संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचा, तो उसने टूटे हुए ताले को देखा और मोबाइल दुकान के संचालक सुरेश साहा को घटना की सूचना दी।

### नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार कल

# नर्मदा जन्मोत्सव : आयोजनों की धूम कल

जबलपुर।

गौरीघाट –उमाघाट पर इस वर्ष भी आस्था और भक्ति का भव्य संगम एक बार फिर सजने जा रहा है। मां नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 वे वर्ष शाम 4 बजे ग्यारह सौ फीट लंबी चुनरी मां नर्मदा को अर्पित कर दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। यह भव्य आयोजन नर्मदा जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर, दिनांक 24 जनवरी दिन शनिवार, प्रातःकाल से उमाघाट परिसर में प्रारंभ होगा।



आयोजन का मुख्य आकर्षण माँ नर्मदा की दिव्यता और आध्यात्मिक परंपराओं को समर्पित अनुष्ठानों की श्रृंखला होगी। प्रातः श्री गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद वर्ष में केवल एक बार दर्शनों हेतु निकाली जाने वाली मां नर्मदा की पावन चरण पादुका का विशेष पूजन एवं अर्चन किया जाएगा।इसके साथ ही नर्मदे–नर्मदेश्वर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, गौ दुग्ध से मां रेवा का अभिषेक, सहस्त्र पुष्पों से अर्चन, तथा गायत्री मंत्रों द्वारा 365 बाती का दीप अर्पण जैसे दुर्लभ अनुष्ठान भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित करेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में माइया की नावका द्वारा वैष्णव भोग अर्पण की परंपरा इस बार भी श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति से भर देगी। ग्यारह सौ फीट चुनरी अर्पण का दृश्य नर्मदा तट पर आध्यात्मिक महोत्सव का मनोहारी रूप प्रस्तुत करेगा।आयोजन के निवेदक नर्मदा पुत्र जयकिशन गुप्ता तथा मां नर्मदा उमाशंकर ने कहा है कि यह आयोजन नर्मदा तट की संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म को एक नए शिखर पर स्थापित करने वाला ऐतिहासिक पर्व बनकर उभर रहा है।

नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल चुनरी समिति के अध्यक्ष एड जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र, अमर सिंह ठाकुर ,डॉक्टर सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर ,सुरेंद्र खरे ,राजेश साहू , समीर पटेल ,नीतीश पटेल,अतुल विश्वकर्मा,अंकुर श्रीवास्तव, मोनू सोनकर, आशीष वाजपेई ,गोलूपुरी गोस्वामी ,कमल विश्वकर्मा ,मनोज कुशवाहा ,एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल ने सभी से उपस्थिति की अपील की हैं।

# ऋतुराज बसंत का आगमन आज

## बसंत पंचमी पर होंगे अनेक कार्यक्रम



**जबलपुर।** शुक्ल पक्ष की पंचमी को आज 23 जनवरी शुक्रवार को ऋतुराज वसंत का आगमन हो रहा है। बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बसंत पंचमी शुभ कार्यों के लिए भी शुभ मुहूर्त के रूप में जानी जाती है। ग्रह प्रवेश, कर्ण क्षेदन, नामकरण संस्कार, नए प्रतिष्ठानों के शुभारंभ इस दिन करना और नई वस्तुओं स्वर्ण आभूषणों की खरीदी को भी शुभ माना जाता है। बसंत पंचमी पर विवाह के शुभ मुहूर्त भी होते हें, लिहाजा आज विवाह समारोहों की धूम रहेगी। बसंत पंचमी पर विद्या की देवी ज्ञान की प्रदाता मां सरस्वती की पूजा अर्चना भी की जाती है। बसंत पंचमी पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। शालाओं में सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।ऐसी मान्यता है कि बसंत पंचमी से मौसम बदल जाता है। जीवन में नई आशा और उल्लास का संचार होता है। गुलाबी ठंड वातावरण को खुशनुमा बना देती हैं। बसंत पंचमी को ही ऋतुराज कहा जाता है। ठंड में ओस की बूंदों से हरियाए पेड़ पौधों को ऋतुराज बसंत का संरक्षण मिलने से नई आम, पीपल, पलास के पेड़ों में नई बौर आ जाती है। बसंत पंचमी के दिन शालाओं में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। बसंत पंचमी पर नगर की शालाओं के साथ-साथ बंगाली क्लब और विभिन्न संगठनों द्वारा सरस्वती पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

### महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस

लार्ड गंज थाने के पीछे कछियाना चौराहे पर स्थित जय माता महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस आज मनाया जा रहा है. दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा और रात 8 बजे से महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया उपस्थित होंगे। आयोजक मनोज नामदेव, मयंक रजक, रत्नेस अग्रवाल, पवन जायसवाल आदि ने उपस्थिति की अपील की है।



## जेके राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर ने किया मनमोहक बैंड का प्रदर्शन

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर द्वारा टैगोर गार्डन, सदर बाजार में भव्य बैंड प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह आयोजन भारतीय सेना की आउटरीच पहल के अंतर्गत गणतंत्र दिवस से पूर्व एकता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में रेजिमेंटल मिलिट्री बैंड एवं पाइप बैंड ने पारंपरिक और समकालीन धुनों की आकर्षक प्रस्तुति दी। "वंदे मातरम" और "ऐ मेरे वतन के लोगों" जैसे देशभक्ति गीतों के साथ-साथ लोकप्रिय धुनों पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। सटीक फॉर्मेशन और समन्वित प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों, परिवारों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। आयोजन ने सशस्त्र बलों और नागरिकों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करने के साथ ही राष्ट्रीय गौरव की भावना को और प्रबल किया।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने डीइओ कर रहे विद्यालयों का सतत निरीक्षण



**जबलपुर।** जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, शिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों की निरंतर समीक्षा के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उन्होंने सांदीपनि विद्यालय मेडिकल, पीएम श्री रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा नगर (गढ़ा), शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांदीपनि विद्यालय मेडिकल एवं पीएम श्री रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा नगर में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित था तथा शिक्षण कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार हो रहा था। वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई में विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। साथ ही सेक्शन गठन न किए जाने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित पाई गई।

निरीक्षण के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालय प्रबंधन को छात्रवृत्ति एवं ड्रॉप बॉक्स से संबंधित कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, सेक्शन निर्माण कर शिक्षण व्यवस्था सुधारने तथा शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में पुनः निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा की जाएगी।



## अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण, शहर में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जबलपुर।** संस्कारधानी के रामपुर छापर यादव मोहल्ला में भगवान श्री राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर सीताराम प्रभात फेरी मंडल द्वारा वृहद स्तर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के मुख्य संयोजक एडवोकेट रजनीश यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समस्त सीताराम प्रभात फेरी मंडल के सदस्य एवं क्षेत्रीय नागरिकगणों की उपस्थिति में शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों का भ्रमण करने के पश्चात सनातन की अलख जगाते हुए कार्यक्रम स्थल पर जाकर समाप्त हुई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री एवं पश्चिम विधानसभा के विधायक राकेश सिंह एवं पूर्व पार्षद ठाड़ेश्वर महावर भी इस अवसर पर उपस्थित हुए और उन्होंने सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। एड. रजनीश यादव ने कहा कि सीताराम प्रभात फेरी पूरे वर्ष भर विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन करती है और यह सिलसिला लगातार यूं ही चलता रहेगा, उन्होंने सभी को सहभागिता सहयोग एवं उपस्थिति के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।


# एपीएन महाविद्यालय में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**जबलपुर।** ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय की एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र सिंह चंदेल (विक्टोरिया अस्पताल), डॉ. नितिन सोनी, डॉ. अनूप कुमार यादव, डॉ. सूरज सिंह चौहान एवं सत्या लनवारे (पराम्बा नेत्रालय) ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के दौरान 150 से अधिक लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयाँ एवं आई ड्रॉप वितरित किए गए। गंभीर नेत्र रोगियों को आगे की जाँच एवं उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी गई। यह शिविर महाविद्यालय के डायरेक्टर चमन श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह एवं प्राचार्या डॉ. सोनल खरे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. दिव्या पाराशर, एनएसएस प्रभारी श्रीमती अर्चना कुररिया एवं वीनाक्षी सेतिया खुराना का विशेष योगदान रहा।

# घटनाओं को साक्षी भाव से देखे, उन्हें पकड़े नहीं: मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज

जबलपुर।



वी.एन. जैन महाविद्यालय परिसर में भावनायोग प्रवर्तक मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि अतीत की स्मृतियाँ और भविष्य की कल्पनाएँ ही दुःख, चिंता, भय और तनाव का कारण बनती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में घटने वाली घटनाओं को साक्षी भाव से देखें, उन्हें पकड़े नहीं, क्योंकि घटनाओं को पकड़े रखने से मनुष्य अंदर ही अंदर घुटता है। मुनिश्री ने सुख-दुःख, लाभ-हानि, मान-अपमान और संयोग-वियोग को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति इन्हें साक्षी भाव से देखता है, वही जीवन जीने की कला सीख पाता है। उन्होंने बुरी स्मृतियों को नजरअंदाज करने और उनसे शिक्षा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रवचन से पूर्व मुनिसंघ ने पुराने जिन मंदिरों की बंदना की एवं शांतिधारा संपन्न कराई। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य अभय भैया एवं अमित पड़रिया ने किया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 23 जनवरी को आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के संयमकीर्ति स्तंभ का शिलान्यास अंतरराज्यीय बस स्टैंड चौराहे पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के सहयोग से मुनिसंघ के सान्निध्य में किया जाएगा। सकल जैन समाज एवं राष्ट्रीय जैन युवा महासंघ ने नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।



## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत 30 दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का समापन

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर में 30 दिवसीय "04 सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण" कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग एवं एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर के बीच हुए एमओयू के तहत विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान योग्यता है, जबकि सॉफ्ट स्किल व्यक्ति की पहचान बनती है। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास और आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से सॉफ्ट स्किल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक अतिया फातिमा खान एवं श्वेता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में इंग्लिश कम्युनिकेशन, लाइफ स्किल, इंटरव्यू तैयारी, वीडियो रिज्यूमे, समय एवं तनाव प्रबंधन, मनी मैनेजमेंट सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं 112 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री रामलला व हनुमानलला की महाआरती कर भंडारा वितरित किया

**जबलपुर।** धर्म व पुण्य की नगरी अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर लेबर चौक गढ़ा रोड स्थित बालरूप हनुमान मंदिर में श्री रामलला और पवनसुत हनुमानजी की महाआरती का आयोजन साहू युवा संस्था एवं मप्र तैलिक साहू महिला सभा द्वारा किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के दीपक साहू, आभा साहू, सतीश साहू, नम्रता साहू, अनिल साहू, सुनील सरजू साहू, प्रहलाद साहू, रेखा साहू, दिलीप साहू, रानी सा्, शिल्पा प्रदीप साहू, नीतू रंजीत साहू, सुरेन्द्र साहू, श्रद्धा साहू, एड. सुरेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर पटेल, अंशुल राघवेन्द्र यादव, सोनिया रंजीत सिंह, योगेश बिलौहा, सुधांशु साहू, अंकित पटेल, नरेश भाई, तपन दास, सपन दादाद, संतराज लोधी, सुजल साहू, राहुल परस्ते, विकेन्द्र बरकड़े सहित अन्य ने सहयोग प्रदान किया।





## ग्राम पंचायत परासिया झिरी में हुआ हिन्दू सम्मेलन

### आरएसएस के पदाधिकारी हुए शामिल

**जबलपुर।** आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष के मौके पर पूरे देश में व्यक्ति निर्माण और पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन जैसे सामाजिक समरसता सहित कई कार्यक्रम चला रहा है, जिनमें गृह संपर्क अभियान और हिन्दू सम्मेलन, बौद्धिक गोष्ठियाँ शामिल हैं, इसी कड़ी में जबलपुर की ग्राम पंचायत परासिया झिरी में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें शामिल होने बड़ी संख्या ग्रामीण महिलाएं और सैकड़ों की संख्या में पुरुष और बच्चे शामिल हुए जिन्हें आरएसएस के पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया जिसके बाद गांव के बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को सबक सिखाने वाली जांबाज महिला कमांडर की प्रस्तुतियां दी, इसके साथ ही नशे से दूर रहने का संदेश स्कूली छात्राओं ने लोगों को दिया। इस दौरान गांव की महिला सरपंच रागिनी अजय पटेल अपने गांव की महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर ही हिन्दू सम्मेलन का संचालन कर ग्रामीणों के दिलों में सनातन की अलख जगा रही थीं। इस दौरान समस्त सकल समाज इस हिन्दू सम्मेलन में शामिल रहे।

## श्री शतचण्डी पंचकुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में हुआ श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्म, जमकर थिरके श्रद्धालु

जबलपुर।



संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन बाई का बगीचा में आयोजित विराट श्री शतचंडी महायज्ञ में आज अरणि मंथन कर अग्नि का प्राकट्य हुआ और श्री दस महाविद्या को हवन आहुतियां प्रारंभ हुईं। वहीं यज्ञ स्थल पर दन्त शिविर में डॉ. सजल ठाकुर ने अपनी टीम के साथ श्रद्धालुओं को अपनी सेवायें दीं। श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास डॉ. महंत प्रज्ञा भारती ने अपनी अमृतमयी वाणी से कहा कि हम सनातनी हैं और प्रकृति को अपनी माँ मानते हैं। कथा में श्रीराम जन्म की कथा में धरहुं धीर अइहहिं रघुवीरा... और सुनो रे राम कहानी..., के प्रसंग पर पूरा कथा पंडाल रोमांचित हो उठा। नंद के आनंद भयो..., कृष्ण जन्मोत्सव पर तो पूरा पंडाल नाच उठा। यज्ञ के मुख्य सूत्रधार परम पूज्य गुरूदेव, तपोनिष्ठ, कर्मयोगी, तंत्र साधक श्रीश्री 108 महंत स्वामी कालीनंद महाराज भी भक्तों के साथ जमकर थिरक उठे। पूज्य गुरुदेव ने स्वयं अपने हाथों से पिरोई मालाओं को शिष्य भक्तों में वितरित किया।

स्वामी कालीनंद जनकल्याण संस्था के मुन्ना पाण्डे, विश्वनाथ सिंह ठाकुर, एड. राकेश तिवारी, विनोद डांगे, आनंद नेमा, संजय बिरहा, विकास महाराज, राजा सोनकर, बलराज सोनकर, डॉ. वैभव सिंह ठाकुर, सजल सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, मनीष शास्त्री, कुलदीप वर्मा, मुरली चौधरी, सतीश यादव, मगन लाल रैकवार, नंदू रूपराव दुरुगकर, एकनाथ पाटिल, सुनील बलदवा, अजय अर्खेल, रवि मेहरोलिया, विकास चंदेला, राहुल कटारिया, सतीश समन, विशाल पटेल, भूपत सिंह पटेल, राम अवतार ग्रानिया, सत्यम पचौरी, गौरव मेहरोलिया, अशोक विश्वकर्मासहित श्रीमती सीमा सिंह ठाकुर, निशि ठाकुर, सावित्री बिरहा, रेशमा वर्मा, ममता ठाकुर, प्रिया मेहरोलिया, सुमित्रा चौधरी, अंजू बिरहा, मोनिका बिरहा, काजल बिरहा, भारती सिंह, कु. प्रगति वर्मा, सुषमा मेहरोलिया, ज्योति सौदिया, पूनम पटैल, रानू चौधरी, नेहा तिवारी, दीक्षा चंदेला, कु. निकिता तिवारी, सोनल ठाकुर, कु. शालिनी पटैल, कु. सुहानी पटैल, कीर्ति कोरी, कु. लक्ष्मी कोरी, अनिता पटैल, निशा ठाकुर, रानू तिवारी आदि ने सभी श्रद्धालुओं से कल यज्ञ में और कथा में पहुंचने की अपील की है।